ज्ञानामृत

बुद्धि के सिवाय विचार प्रचार का कोई दूसरा शस्त्र नहीं है, क्योंकि ज्ञान ही अन्याय को मिटा सकता है।
▶▶ आदि शंकराचार्य

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, मंगलवार, 15 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 100 | पेज- 08 | मूल्य- ₹2.00/-


## सीएम साय ने दी बाबा साहेब को पुष्पांजलि...



**विजय मत, रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बाबा साहेब का संपूर्ण जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है। मुख्यमंत्री साय ने बाबा साहब के विचारों को युगप्रेरक बताते हुए कहा कि आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम उनके आदर्शों पर चलें, और एक समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### छत्तीसगढ़ की नई नक्सलवादी आत्मसमर्पण नीति में विशेष प्रावधान

# नक्सलियों के सामूहिक आत्मसमर्पण पर दोगुना ईनाम

- गांव के नक्सल मुक्त होने पर 1 करोड़ रुपए के होंगे विकास कार्य

**विजय मत, रायपुर**

नक्सल प्रभावित छत्तीसगढ़ में अब हिंसा छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सलियों को सरकार और अधिक प्रोत्साहन देगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में तैयार नई नक्सल आत्मसमर्पण नीति के तहत सामूहिक आत्मसमर्पण करने वालों को न केवल घोषित इनाम की दोगुनी राशि मिलेगी, बल्कि नक्सल मुक्त घोषित ग्राम पंचायतों में एक करोड़ के विशेष विकास कार्य भी कराए जाएंगे।

नक्सली संगठन की किसी फॉर्मेशन इकाई के यदि 80 प्रतिशत या उससे अधिक सक्रिय सदस्य सामूहिक रूप से आत्मसमर्पण करते हैं, तो उन्हें उनके विरुद्ध घोषित इनामी राशि की दोगुनी राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर जैसे अति नक्सल प्रभावित जिलों में यदि किसी ग्राम पंचायत क्षेत्र में सक्रिय समस्त नक्सली व मिलिशिया सदस्य आत्मसमर्पण करते हैं, और ग्राम पंचायत को नक्सल मुक्त घोषित किया जाता है, तो वहां एक करोड़ रूपए के विकासात्मक कार्य स्वीकृत किए जाएंगे। नई नीति के तहत यदि पति-पत्नी दोनों आत्मसमर्पण करते हैं, तो उन्हें पृथक इकाई मानते हुए अलग-अलग पुनर्वास योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। हालांकि यदि किसी योजना में दोनों को एक इकाई माना जाता है, तो वहीं के अनुसार लाभ मिलेगा। इनामी राशि का निर्धारण दोनों के लिए पृथक रूप से किया जाएगा।



### आत्मसमर्पण के 10 दिनों के भीतर मिलेगी पूरी राशि

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सली को राहत व सहायता राशि गृह विभाग के बजट से उपलब्ध कराई जाएगी। जिला कलेक्टर को यह सुनिश्चित करना होगा कि आत्मसमर्पण के 10 दिनों के भीतर पूरी राशि संबंधित व्यक्ति को प्रदान कर दी जाए। यदि किसी आत्मसमर्पित नक्सली पर पहले से आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं, तो उसके नक्सलवाद उन्मूलन में योगदान और 6 माह तक के अच्छे आचरण को देखते हुए मंत्रिपरिषद की उप समिति इन मामलों को समाप्त करने पर विचार कर सकती है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### अयोध्या में राम मंदिर के गर्भ गृह में कलश स्थापना पूरी

**अयोध्या, एजेंसी।** श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया है कि आज 14 अप्रैल को मंदिर के गर्भगृह के शिखर पर कलश स्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि अभी परकोटा के अन्य छह मंदिरों में भी कलश स्थापना की जाएगी। इसके बाद ध्वज दंड लगाने का कार्य किया जायेगा। भूतल पर भगवान राम के विग्रह विराजमान हैं। प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना की जाएगी। परकोटे के छह मंदिरों में अन्य देवी-देवताओं को स्थापित किया जायेगा।

### एंटी ट्रस्ट मामला: मेटा को बेचना पड़ेगा इंस्टाग्राम और वाट्सएप!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एंटीट्रस्ट मामले में मेटा के खिलाफ अमेरिकी सरकार की एक जांच एजेंसी ने आरोप लगाया गया है कि जुकरबर्ग की कंपनी ने वर्षों से प्रतिस्पर्धा कानूनों का उल्लंघन कर अवैध रूप से "सोशल नेटवर्किंग एकाधिकार" हासिल किया है।दरअसल, अमेरिकी प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता निगरानी संस्था (एफटीसी) का आरोप है कि मेटा ने, जिसके पास फेसबुक का स्वामित्व है ने 2012 में इंस्टाग्राम और 2014 में व्हाट्सएप को खरीदकर बाजार से प्रतिस्पर्धा को खत्म कर दिया।

### पीएम इंटर्नशिप योजना: पंजीकरण करने की अंतिम तिथि आज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के दूसरे चरण के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। हालांकि, पंजीकरण करने की अंतिम तिथि बेहद करीब है। इसलिए इच्छुक उम्मीदवार तुरंत आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप योजना के इस चरण में कुल 1 लाख अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। आवेदन की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है। इससे पहले, पीएम इंटर्नशिप योजना 2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 और 12 मार्च थी।

### नीट एमडीएस परीक्षा: आज जारी होगा प्रवेश पत्र, परीक्षा 19 अप्रैल को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज बहुत जल्द नीट एमडीएस 2025 परीक्षा का प्रवेश पत्र जारी करने वाला है। सूचना विवरणिका के मुताबिक, एनबीईएमएस कल यानी 15 अप्रैल को नीट एमडीएस का प्रवेश पत्र जारी करेगा। नीट एमडीएस हॉल टिकट 2025 डाउनलोड करने के लिए, उम्मीदवारों को अपने क्रेडेंशियल का उपयोग करके लॉगिन करना होगा। गौरतलब है कि नीट एमडीएस परीक्षा का आयोजन 19 अप्रैल, 2025 को किया जाएगा।

### पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला, बोले- मुस्लिमों की इतनी चिंता तो पार्टी अध्यक्ष बनाओ

# वक्फ कानून ठीक होता तो मुसलमान पंचर नहीं बनाते



**हिसार/नई दिल्ली, एजेंसी**

हरियाणा दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसके बाद उन्होंने 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट की यूनिट, कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास और रेवाड़ी बाइपास का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा-देश आजाद होने के बाद 2013 तक वक्फ का कानून चलता था। 2013 में कांग्रेस ने कानून में संशोधन कर दिया, ताकि चुनाव में वोट ले सकें। बाबा साहेब के संविधान की ऐसी-तैसी करते हुए कानून को ऐसा बना दिया। इसका सही उपयोग होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। कांग्रेस हमेशा कहती है कि वह मुसलमानों के हित में काम करती है। मैं पूछना चाहता हूं कि अगर सच्चे मन से थोड़ी भी हमदर्दी है तो कांग्रेस पार्टी अपनी पार्टी का अध्यक्ष मुसलमान को बनाए, लेकिन इनके नेता ऐसा नहीं करेंगे। ये सिर्फ सत्ता के लिए काम करते हैं। हिसार से दूसरे शहरों के लिए भी उड़ानें शुरू होंगी और 10 सालों में करोड़ों भारतीयों ने हवाई सफर किया है। 2014 से पहले देश में 74 एयरपोर्ट थे यानि 70 साल में 74 थे। लेकिन अब इनकी संख्या 150 के पार हो गई है। कांग्रेस ने बाबा साहेब के साथ क्या किया सब लोग जाते है। कांग्रेस ने उन्हें 2 बार चुनाव हराकर अपमानित किया और आज उनके नाम को लेकर वोट मांगने का काम करती है।



### आंबेडकर महान समाज सुधारक और समतावादी समाज के प्रबल समर्थक थे: राष्ट्रपति मुर्मू

डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को संसद भवन परिसर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि आंबेडकर के सिद्धांत और विचार 'आत्मनिर्भर' और विकसित भारत के निर्माण को गति देंगे। उनकी प्रेरणा के कारण ही देश सामाजिक न्याय के सपने को साकार करने के लिए समर्पित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि डॉ. भीमराव शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन और दलितों के सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण साधन मानते थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब विलक्षण योग्यता और बहुमुखी व्यक्तित्व के धनी थे। वह एक अर्थशास्त्री, शिक्षाविद्, कानूनविद और महान समाज सुधारक थे। वे समतावादी समाज के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

**डॉ. आंबेडकर के सिद्धांत आत्मनिर्भर भारत को गति देंगे: पीएम मोदी**

### कांग्रेस संविधान की भक्षक, उसने नहीं किया यूसीसी लागू

कांग्रेस संविधान की भक्षक है। कर्नाटक कांग्रेस सरकार ने एससी, एसटी, ओबीसी के अधिकार छीनकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने का काम शुरू कर दिया है। संविधान की भावना है कि एक जैसी नागरिक संहिता हो, जिसे यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) कहा जाता है। लेकिन कांग्रेस ने इसे लागू नहीं किया। उत्तराखंड में भाजपा सरकार आने के बाद यूसीसी लागू हुआ। कांग्रेस ने किसानों को हमेशा धोखा दिया और बाबा साहेब अंबेडकर और चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न तक नहीं दिया था। इन्हें भारत रत्न तब मिला, जब केंद्र में भाजपा के समर्थन की सरकार बनी। हरियाणा की भाजपा सरकार भी निरंतर प्रदेश के विकास को गति देने का काम कर रही है। अब बिना पर्ची, बिना खर्ची के आधार पर यहां की सरकार नौकरियां दे रही है।

# छत्तीसगढ़: पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस की जरूरत खत्म

## पेट्रोल पंप खोलना हुआ आसान

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है।

### क्यों है यह अहम...

पहले पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए व्यवसायियों को कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग से क्रय विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना होता था। प्रत्येक वर्ष अथवा तीन वर्ष में एक बार लाइसेंस का रिन्यूवल कराना होता था। राज्य शासन और केंद्र, दोनों जगह से अनुमति लेने की दोहरी प्रक्रिया से समय और पैसा दोनों खर्च होते थे, साथ ही कागजी कार्रवाई भी बढ़ जाती थी। अब केवल केंद्र के नियमों का पालन करना काफी होगा। इससे व्यवसायियों को राहत मिलेगी और पेट्रोल पंप खोलने की प्रक्रिया तेज और सस्ती हो जाएगी। यह कदम छत्तीसगढ़ में व्यवसाय को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है।

**व्यवसायियों को कैसे होगा फायदा...** अब कम कागजी कार्रवाई और एक ही स्तर की अनुमति से पेट्रोल पंप जल्दी शुरू हो सकेंगे। नए व्यवसायी, खासकर छोटे उद्यमी और तेल कंपनियां, बिना ज्यादा परेशानी के अपना काम शुरू कर सकेंगे। यह सुधार ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में पेट्रोल पंप खोलने को बढ़ावा देगा, जहां अभी ईंधन की पहुंच कम है।

**राज्य और जनता को क्या लाभ...** इस बदलाव से छत्तीसगढ़ में ईंधन की उपलब्धता बढ़ेगी, जिससे लोगों को पेट्रोल-डीजल आसानी से मिल सकेगा। खासकर उन इलाकों में, जहां अभी पेट्रोल पंप कम हैं, वहां सुविधा बेहतर होगी। साथ ही, नए पेट्रोल पंप खुलने से राज्य में निवेश बढ़ेगा और बुनियादी ढांचे का विकास होगा। यह सरकार के उस लक्ष्य को भी पूरा करता है, जिसमें व्यवसाय करने में आसानी और आर्थिक विकास पर जोर दिया गया है।

**छत्तीसगढ़ बन रहा व्यवसाय के लिए आकर्षक...** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार राज्य में व्यवसायों के लिए अनुकूल माहौल बनाने को लेकर गंभीर है। नियमों को सरल करके और अनावश्यक बाधाओं को हटाकर राज्य उद्योग, व्यवसाय को सहूलियत और निवेश को प्रोत्साहित करने की दिशा में काम कर रही है। इससे न सिर्फ व्यवसायियों को फायदा होगा, बल्कि राज्य की जनता को भी बेहतर सेवाएं मिलेंगी। छत्तीसगढ़ सरकार के इस निर्णय से पेट्रोल पंप खोलना आसान हो गया है। यह कदम न केवल सभी क्षेत्रों में ईंधन की पहुंच बढ़ाएगा, बल्कि राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत करेगा।

## कांग्रेस सांविधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धः खरगे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डॉ. भीमराव आंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस ने आंबेडर के सामाजिक न्याय के विचारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सांविधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर किसी को प्रतिबद्ध रहने की शपथ लेनी चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पर हिंदी में पोस्ट कर कहा, बाबासाहेब डॉ. आंबेडकर ने देश के लोगों को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित भारत का संविधान दिया, जो सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए सबसे शक्तिशाली साधन है।

# मप्र के तीन जिलों में बनेंगे तीन नए कंजर्वेशन रिजर्व

**विजय मत, भोपाल**



मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में वन्यजीव संरक्षण की दिशा में एक नया कदम उठाया जा रहा है। राज्य सरकार ने बैतूल, बालाघाट और गुना जिलों में तीन नए कंजर्वेशन रिजर्व स्थापित करने की तैयारी कर ली है। इसके लिए वन विभाग द्वारा विस्तृत प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जा चुका है और अब इसकी मंजूरी की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। नए कंजर्वेशन रिजर्व के गठन से प्रदेश में वाइल्डलाइफ कॉरिडोर विकसित करने की संभावनाएं भी साकार होंगी, जिससे अलग-अलग टाइगर रिजर्व और नेशनल पार्क के बीच वन्यजीवों का सुरक्षित आवागमन संभव हो सकेगा। सबसे खास बात यह है कि इन कंजर्वेशन रिजर्व क्षेत्रों में मौजूद गांवों के लोगों को विस्थापित नहीं किया जाएगा, बल्कि उनके सहयोग से ही वन्यजीव संरक्षण की गतिविधियाँ संचालित की जाएंगी। अभ्यारण्य घोषित किए जाने वाले क्षेत्रों में किसी भी तरह की मानव गतिविधियों की अनुमति नहीं होती। इसके चलते वहाँ रह रहे ग्रामीणों को अक्सर विस्थापित होना पड़ता है, जिससे सामाजिक असंतोष भी जन्म लेता है। इसके विपरीत, कंजर्वेशन रिजर्व उन इलाकों में स्थापित किए जाते हैं जो दो संरक्षित क्षेत्रों के बीच होते हैं, और जहाँ पहले से ही मानव बस्तियाँ मौजूद होती हैं। इन क्षेत्रों में स्थानीय लोग वन विभाग के साथ मिलकर वन्यजीवों की रक्षा और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। इन समुदायों को कई स्तरों पर सरकारी सहयोग भी प्रदान किया जाता है, जिससे उनकी आजीविका और जीवनशैली पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता।

**विजय मत एंकर** नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार वैज्ञानिकों को मिली बड़ी कामयाबी

# चावल के दाने जितना छोटा पेसमेकर, बिना सर्जरी के शरीर में हो जाएगा फिट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हृदय रोगों के मामले वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य विशेषज्ञों के लिए गंभीर चिंता का कारण बने हुए हैं। हर साल हृदय से संबंधित बीमारियों के चलते लाखों लोगों की मौत हो जाती है। हाल के वर्षों में विशेषकर, कोविड महामारी के बाद हृदय से संबंधित जटिलताओं जैसे हार्ट अटैक-हार्ट फेलियर के मामलों में और तेजी से बढ़ोतरी हुई है। आधुनिक चिकित्सा और मेडिकल क्षेत्र में नवाचार ने हृदय से संबंधित गंभीर जोखिमों को कम करने के लिए प्रभावी तकनीक विकसित कर ली है जिससे रोगियों का उपचार पहले की तुलना में अब आसान हो सकता है, हालांकि इसके उपयोग के लिए जरूरी है कि बीमारी का समय पर निदान हो सके। मेडिकल क्षेत्र में नवाचार के इसी क्रम में अब वैज्ञानिकों को और बड़ी सफलता हाथ लगी है। नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने एक अतिसूक्ष्म पेसमेकर बनाया है जिससे दिल के मरीजों को विशेष लाभ मिल सकता है। सबसे खास बात ये है कि इसका आकार चावल के दाने जितना छोटा है और अब तक जिस तरह से पेसमेकर लगाया जाता रहा है उससे इतर इसे आसानी से इंजेक्शन के जरिये भी शरीर में इंजेक्ट किया जा सकता है।

### सिरिंज की नोंक के अंदर हो जाएगा फिट



नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार, नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के इंजीनियरों ने एक ऐसा पेसमेकर विकसित किया है जो इतना छोटा है कि इसे सिरिंज की नोंक के अंदर फिट किया जा सकता है। इसके अलावा बिना किसी सर्जरी या चीर-फाड़ के आसानी से शरीर में इंजेक्ट भी किया जा सकता है। खास बात ये भी है कि यह सभी आकार के दिलों के लिए काम कर सकता है। जन्मजात हृदय दोष वाले नवजात शिशुओं के छोटे, नाजुक हृदय के लिए भी इसे विशेष रूप से उपयुक्त माना जा रहा है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

अमेरिका स्थित मैककॉर्मिक स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग में कार्डियोलॉजी विभाग में प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखकों में से एक डॉ इगर इफिमोब कहते हैं, ये बच्चों में होने वाली हार्ट की समस्याओं के लिए बहुत कारगर साबित हो सकता है। लगभग 1 प्रतिशत बच्चे जन्मजात हृदय दोष के साथ पैदा होते हैं। अच्छी खबर यह है कि इन बच्चों को सर्जरी के बाद केवल अस्थायी पेसिंग की आवश्यकता होती है। लगभग सात दिनों में, अधिकांश रोगियों के दिल खुद ही ठीक हो जाएंगे, लेकिन वे सात दिन बिल्कुल महत्वपूर्ण हैं। अब, हम इस छोटे पेसमेकर को बच्चे के दिल पर लगा सकते हैं और इसे हटाने के लिए किसी अतिरिक्त सर्जरी की आवश्यकता नहीं है।


**जरूरत खत्म होने पर खुद ही डिजाल्ब हो जाएगा पेसमेकर...** मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक इस नए और छोटे पेसमेकर को एक छोटे, मुलायम, और वायरलेस उपकरण के साथ जोड़ा जाता है, जिसे पेसिंग को नियंत्रित करने के लिए मरीज की छाती पर लगाया जाता है। इस उपकरण को जैसे ही पता लगेगा कि आपके दिल की धड़कन अनियमित हो रही है, ये तुरंत पेसमेकर को एक्टिव कर देगा। मेडिकल विशेषज्ञों की टीम ने बताया कि इसे ऐसे मरीजों के लिए डिजाइन किया गया है जिन्हें केवल अस्थायी पेसिंग की आवश्यकता होती है। जब इसकी जरूरत खत्म हो जाएगी तो पेसमेकर खुद से डिजाल्ब हो जाएगा। इस पेसमेकर के सभी घटक बायोकम्पैटिबल हैं, इसलिए वे स्वाभाविक रूप से शरीर के बायोफ्लुइड्स में घुल जाते हैं और इसे सर्जरी करके निकालने की आवश्यकता नहीं है।

## भगोड़ा मेहुल चोकसी बेल्जियम में गिरफ्तार भारत लाने की तैयारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भगोड़े मेहुल चोकसी को बेल्जियम में गिरफ्तार कर लिया गया है। भारत को हजारों करोड़ रुपये के पीएनबी ऋण घोटाले में उसकी तलाश है। भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध पर बेल्जियम ने चोकसी के खिलाफ एक्शन लिया है। जानकारी के मुताबिक मेहुल बेल्जियम के एंटवर्प में अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा था। उसने वहां का रेजिडेंसी कार्ड भी हासिल कर लिया था। स्थानीय मीडिया से मिला जानकारी के अनुसार भारतीय अधिकारियों ने बेल्जियम के अधिकारियों से मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का अनुरोध किया। इसके बाद वहां के प्रशासन ने चोकसी को हिरासत में लिया।

## अपराध की अब सीमा नहीं, इससे फोरेंसिक विज्ञान की जरूरत कई गुना बढ़ी: शाह

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का कहना है कि अपराध अब सीमाओं के पार चला गया है, अब अपराधी राज्य और देश की सीमाओं का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे में फोरेंसिक विज्ञान की जरूरत कई गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार में फोरेंसिक विज्ञान को अपराध न्याय व्यवस्था का हिस्सा बनाया गया है। सरकार की कोशिश है कि लोगों को समय पर न्याय मिले। अमित शाह ने ऑल इंडिया फोरेंसिक साइंस समिट 2025 में ये बात कही।

सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सरकार अपराध न्याय व्यवस्था में लोगों और विज्ञान को केंद्र में रखने की कोशिश की गई है। सरकार इस दिशा में काम कर रही है कि ये सुनिश्चित हो सके कि लोगों को समय से न्याय मिले और वे इससे संतुष्ट हों। शाह ने कहा कि देश की अपराध न्याय व्यवस्था को मजबूत करने में फोरेंसिक साइंस की काफी अहमियत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन से देश की अपराध न्याय व्यवस्था में बदलाव हुआ है। हमने फोरेंसिक विज्ञान को इसका हिस्सा बनाया है।


कार्यालयः ■ रायपुर ■ दुर्ग ■ बिलासपुर ■ राजनांदगांव ■ सरगुजा ■ धमतरी ■ बस्तर ■ जांजगीर-चांपा ■ भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी

## न्यूज इन शॉर्ट

### घर में महिला की खून से सनी लाश मिली, पुलिस जांच में जुटी

बालोद। जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. ग्राम निपानी गांव के एक घर में महिला की खून से सनी लाश मिली है. महिला के शरीर पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं. परिजनों की शिकायत पर बालोद पुलिस और सायबर सेल की टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने के बाद मामले की जांच में जुट गई है. जानकारी के अनुसार, मृतक महिला रामबत्ति साहू पति रमेश 35 वर्ष घर मे अकेली थी और पति और बच्चे अलग-अलग कार्यों से बाहर गए हुए थे. इसी दौरान रात को करीब 12 बजे बच्चे वापस घर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए. बच्चों को जमीन पर अपनी मां की खून से लथपथ लाश पड़ी मिली. बच्चों ने घटना की सूचना परिवार वालों को दी, जिसके बाद आज सुबह पुलिस में सूचना दी गई. ये बात भी सामने आई - महिला को अवैध संबंध के चलते किसी ने मौत के घाट उतारा है. बताया जा रहा है कि अन्य व्यक्ति से संपर्क में रहने को लेकर पति के साथ महिला की आय-दिन लड़ाई होती रहती थी. फिलहाल महिला की हत्या किसने की यह जांच का विषय है. इस पूरे मामले की जांच के बाद ही कातिल की पहचान और हत्या की असली वजह सामने आ सकेगी।

### अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले पर बेलगहना पुलिस का प्रहार

बिलासपुरमामले के संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हेतु श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रजनेश सिंह (भा.पु.से.) द्वारा निर्देशित किया गया है। दिनांक 14.04.2025 को जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि सतनामीपारा बेलगहना निवासी शोभा बंजारे अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से अधिक मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री कर रही हैं मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराया गया जिनके निदेशानुसार व श्रीमती अर्चना झा (रा. पु.से.) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं श्रीमती नुपूर उपाध्याय (रा.पु.से.) अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर मुखबिर के बताये अनुसार रेड कार्यवाही करते हुये अवैध महुआ शराब बिक्री करते रंगे हाथ आरोपिया *शोभा बंजारे पति फलित बंजारे उम्र 30 वर्ष निवासी सतनामीपारा बेलगहना चौकी बेलगहना जिला बिलासपुर* को पकड़ा गया जिसके कब्जे से अलग- अलग प्लास्टिक डिब्बा व बॉटल में कुल 30 लीटर कच्ची महुआ शराब, बिक्री रकम 200 रू जुमला कीमती 6000 रु *को विधिवत जप्त कर आरोपिया शोभा बंजारे के विरूद्ध धारा 34(2), 34(1)ख आबकारी एक्ट की कार्यवाही करते हुये आरोपिया को 14.04.2025 को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी बेलगहना प्रभारी उप भावेश शेंडे, सउनि भरत राठौर ,आरक्षक ईश्वर नेताम, आर विजेंद्र कोल, महिला आर. गोमती पेन्द्रो की विशेष भूमिका रही।

### बिना अनुमति नलकूप खनन करते दो बोर गाड़ी जब्त

बिलासपुर। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर दो बोर गाड़ी जब्त कर लिए गए। सकरी तहसील के ग्राम खरकेना में प्रतिबंध के बावजूद बोर खनन कार्य किया जा रहा था। गौरतलब है कि कलेक्टर ने जिले को जलाभाव क्षेत्र घोषित किया है। बिना अनुमति के बोर खनन पर रोक लगा दी है। एक सप्ताह पहले ही आदेश जारी किए गए हैं। केवल सरकारी एजेंसी पीएचई और नगरीय निकाय ही पेयजल के लिए बोर खनन का कार्य कर सकते हैं। आदेश का उल्लंघन करते हुए बोर खनन की शिकायत सवेरे कलेक्टर को मिली। उन्होंने सकरी तहसीलदार आकाश गुप्ता को तत्काल मौके पर रवाना किया। तहसीलदार ने खरकेना पहुंचकर जांच शुरू की। खनन कराने की कोई अनुमति उनके पास उपलब्ध नहीं था। दो गाड़ी थे। दोनों को जब्त कर हिर्री थाने में खड़ी कर दी गई है। जिला दंडाधिकारी के आदेश पर छत्तीसगढ़ जल परिरक्षण अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

दुर्ग के सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया

# भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर जिले में हुआ डिजिटल क्रांति का आगाज

**विजय मत, ब्यूरो दुर्ग।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आज जिला पंचायत दुर्ग के सभा कक्ष में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ललित चंद्राकर, विधायक डोमनलाल कोरसेवाड़ा, कलेक्टर अभिजीत सिंह, जनपद पंचायत के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। इसके पश्चात कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का शुभारंभ किया गया। प्रत्येक जनपद से चयनित 10 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्देश्य ग्राम पंचायत कार्यालयों को डिजिटल सेवा केंद्र के रूप में विकसित करना है, जहाँ ग्रामीणों को बैंकिंग, सरकारी प्रमाण पत्र (जाति, आय, निवास), पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम पंजीयन जैसी सेवाएँ निःशुल्क या निर्धारित दर पर मिल सकेंगी।पंचायतों को कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के अधिकृत ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) के लिए उचित बैठक की समुचित व्यवस्था, बिजली कनेक्शन और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करानी होगी। साथ ही ग्राम स्तरीय उद्यमियों (वीएलई) की गतिविधियों की निगरानी की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत को दी गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अतिरिक्त शुल्क वसूली पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

**पंचायत एंबेसडर को किया गया सम्मानित :**

प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) के अंतर्गत कार्यरत पंचायत एंबेसडरों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। साथ ही जिन पंचायतों में एंबेसडर नियुक्त नहीं थे, वहाँ गोलू चंद्राकर (पाटन मंडल) एवं शिवा निषाद (अंजोरा मंडल) को नया पंचायत एंबेसडर (आवास साथी) नियुक्त किया गया।

**मोर द्वार साय सरकार महाभियान की शुरूआत :**

15 से 30 अप्रैल तक चलने वाले ह्लमोर द्वार साय सरकारह्ल विशेष पखवाड़ा के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना(ग्रामीण) योजना के हितग्राहियों को प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही भू-जल स्तर को लेकर लोगों को जागरूक किया गया

## जयंती अवसर पर डॉ. भीमराव को कलेक्टर ने किया नमन



**विजय मत, ब्यूरो दुर्ग।** भारत के संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 134वीं जयंती के अवसर पर आज कलेक्टोरेट परिसर स्थित उनके आदम कद प्रतिमा पर जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं नागरिकों ने माल्यार्पण किया। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रतिमा स्थल पर डॉ. अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर अधिकारियों और नागरिकों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया। एडीएम अरविंद एक्का, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी एवं अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## वन मंत्री केदार कश्यप ने किया आठ निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**विजय मत, ब्यूरो नारायणपुर।** राज्य सरकार के वन एवं जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास, सहकारिता और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप के द्वारा विकासखण्ड नारायणपुर के गायत्री मंदिर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। वन मंत्री केदार कश्यप ने जिले वासियों के लिए 91 लाख 8 हजार 128 रुपए से निर्माण कार्यों की लोकार्पण एवं भूमिपूजन कर सौगात दी।




उन्होंने हल्बा समाज भवन के समीप सांस्कृतिक मंच निर्माण कार्य के लिए 3 लाख रुपये, हल्बा समाज भवन के समीप शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, पुलिस लाईन नारायणपुर में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये, नयापारा मे शिव मंदिर के समीप शेड निर्माण के लिए 2 लाख रुपये, एस.पी.ओ. कॉलोनी नारायणपुर में नवीन हैण्डपंप खनन-कार्य के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये, गुरूद्वारा के समीप सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 14 लाख 64 हजार रुपये, बखरूपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 20 लाख रुपये एवं सामुदायिक शेड निर्माण कार्य गायत्री मंदिर के समीप 15 लाख रुपये का भूमिपूजन किया। शासकीय पॉलिटेक्निक 27 लाख 94 हजार 128 रुपये में निर्मित कंप्यूटर लेब का लोकार्पण किया।

## तांदुला नहर में डूबने से दो युवकों की मौत

**विजय मत, ब्यूरो दुर्ग।** जिले के सेलूद इलाके से गुजरने वाली तांदुला नहर में दो युवकों के डूबने की सूचना मिली है। एसडीआरएफ की टीम सुबह से नहर में उनकी तलाश कर रही है। हालांकि, अभी तक किसी की भी लाश नहीं मिली है। घटना उतई थाना इलाके की है। एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार सिंह के मुताबिक, 13 अप्रैल की शाम सूचना मिली थी कि, शाम 4 बजे नहर में दो युवक डूब गए हैं। रात होने से एसडीआरएफ की टीम पानी में नहीं उतरी। सुबह तड़के ही टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। डूबने वाले युवकों की पहचान प्रहलाद यादव (40) निवासी धनौरा दुर्ग के रूप में हुई है। उसके बड़े भाई ने बताया कि, प्रहलाद मंत्रालय रायपुर में पदस्थ है। उसकी कुछ



साल पहले ही शादी हुई थी। एक बेटी भी है। वहीं, दूसरे युवक की पहचान नंद किशोर धुरवे (38) निवासी सुभाष नगर बोरसी के रूप में हुई है। वो भी मंत्रालय रायपुर में पदस्थ था। एसडीआरएफ की टीम नहर में रेस्क्यू कर रही है। सुबह से लेकर दोपहर डेढ़ बजे तक दोनों में से किसी का भी शव नहीं मिल पाया है। उतई पुलिस भी मौके पर मौजूद है। परिजनों ने बताया कि प्रहलाद यादव और नंद किशोर धुर्वे एक अन्य व्यक्ति के साथ धमतरी बिलई माता मंदिर के दर्शन करने गए थे। वहां से घर लौट रहे थे। शाम होने पर उन्होंने नहर में तेज पानी देखा तो कार खड़ी कर कुछ देर रिलैक्स करने लगे। दोनों नहर के पानी में पैर डालकर बैठे थे।

कार का ड्राइवर दूसरी तरफ फोन पर बात कर रहा था। इसी दौरान बात करते करते प्रहलाद का पैर फिसला और वो नहर के तेज बहाव में चला गया। नंद किशोर ने उसे डूबते देखा तो वो उसे बचाने के लिए कूदा और फिर दोनों नहर में डूब गए। जब ड्राइवर ने देखा की दोनों लोग नहर में डूब रहे हैं, तो उसने शोर मचाया और लोगों को बुलाया। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई, फिर एसडीआरएफटीम की सूचना पर पहुंची।

## स्वच्छताग्राहियों के कार्यों को अपर आयुक्त चौबे ने सराहा

यूजर चार्ज एवं प्रोत्साहन राशि से महिलाएं बढ़ रही है आत्मनिर्भरता की ओर

**विजय मत, ब्यूरो एमसीबी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना से समन्वित होकर चल रहे स्वच्छता प्रयासों का निरीक्षण मनरेगा के अपर आयुक्त अशोक चौबे के द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत सेमरा अंतर्गत नागपुर थाना क्षेत्र में मनरेगा अभिसरण से निर्मित सामुदायिक शौचालय का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत लाई में निर्मित सेग्रीगेशन शेड का भी जायजा लिया, जहां स्वच्छाग्राही समूह द्वारा किए जा रहे डोर टू डोर अपशिष्ट संग्रहण और पृथक्करण कार्य की उन्होंने सराहना की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान के तहत यह कार्य न केवल ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना रहा है, बल्कि महिलाओं को



स्वरोजगार उपलब्ध कराते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में भी एक मजबूत कदम है। स्वच्छाग्राही समूह की महिलाओं ने बताया कि वे सप्ताह में दो दिन नियमित रूप से प्रत्येक घर से कचरा संग्रहण का कार्य करती हैं। इसके लिए प्रति परिवार 20 रुपये यूजर चार्ज के रूप में प्राप्त होता है, साथ ही ग्राम पंचायत के माध्यम से उन्हें 2900 रुपये प्रतिमाह प्रोत्साहन राशि भी दी जाती है। इसके अतिरिक्त वे एकत्र किए गए सूखे कचरे का विक्रय कर अतिरिक्त आय भी अर्जित कर रही हैं।

## अग्नि सुरक्षा जागरूकता के लिए शहर में निकाली गई रैली

### अग्नि दुर्घटना के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

बिलासपुर । नगरसेना, अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाऐं तथा एसडीआरएफ मुख्यालय छत्तीसगढ़ नवा रायपुर के निर्देशानुसार दिनांक 14अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। आज से 81 वर्ष पूर्व 14 अप्रैल 1944 को मुंबई के विक्टोरिया डॉक यार्ड पर एक आयुध से भरे पानी जहाज में अग्नि दुर्घटना हुई थी। इसमें सैकड़ों लोगों की जान गई थी। जिसमें लगभग 66 अग्निशमन के कर्मचारी भी शामिल थे। तब से प्रतिवर्ष अग्नि दुर्घटना में शहीद अग्निशमन के कर्मचारी को श्रद्धांजलि देने एवं आम जनता को अग्नि दुर्घटना के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 14 अप्रैल से अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है। इस पूरे सप्ताह में अग्निशमन विभाग द्वारा रैली,



बैनर, पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, मॉक ड्रील आदि माध्यम से प्रचार-प्रसार कर आम जनता को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।इसी अनुक्रम में आज जिला बिलासपुर में अग्नि सुरक्षा सप्ताह के पहले दिन 14 अप्रैल को अग्नि सुरक्षा जागरूकता हेतु डी.आई.जी नगरसेना एसडीआरएफ एस. के. ठाकुर द्वारा सवेरे साढ़े 8 बजे हरि झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। जिला अग्निशमन अधिकारी दीपांकुर नाथ के नेतृत्व में फायर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली बिलासपुर के मुख्य चौक चौराहे - मुंगेली नाका से प्रारंभ होकर नेहरू चौक-कम्पनी गार्डन-गोल बजार-श्याम टॉकिज-गांधी चौक-तारबहार चौक-श्रीकांत वर्मा मार्ग-व्यापार विहार चौक-रिंग रोड 2-मंगला चौक होते हुये वापस मुंगेली नाका के पास संपन्न हुई। इस फायर रैली कार्यक्रम के द्वारा बिलासपुर की जनता को अग्नि से सावधान रहने, अग्नि से बचाव एवं अग्नि दुर्घटना में क्या करें एवं क्या नहीं करें, इस संबंध में जानकारी दी गई रैली के दौरान एस. के. ठाकुर डी.आई.जी. एवं संचालक, एसडीआरएफ प्रशिक्षण केन्द्र परसदा बिलासपुर तथा प्रभारी डिवीजनल कमाण्डेन्ट एवं दीपांकुर सामुएल नाथ जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना बिलासपुर के अतिरिक्त नगरसेना, एसडीआरएफ (परसदा एवं बिलासपुर), फायर के कर्मचारी के अलावा नगरसेना के लगभग 2 सौ महिला/पुरूष नगर सैनिकों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लिया।

## बाबा साहब के आदर्श एवं सिद्धांत सदैव रहेंगे प्रासंगिक : विधायक अटामी

विजय मत, ब्यूरो दंतेवाड़ा।

भारतीय संविधान के निर्माण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले, सामाजिक विषमताओं के विरुद्ध विद्रोह का झंडा बुलंद करने वाले, सामाजिक समरसता के जन नायक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती 14 अप्रैल पर जिला पंचायत में आज गरिमापूर्ण समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य अतिथि मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा ने भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर के कृतित्व पर प्रकाष डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने भारत के संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए दलित एवं वंचित वर्गों के अधिकारियों के लिए सदैव




संघर्ष किया। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिगत भेदभाव और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई। वर्तमान में जो राजनैतिक और सामाजिक अधिकार हमें प्राप्त हुए है वो बाबा साहब की ही देन है।इसके साथ ही क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संविधान के रचयिता डॉ अम्बेडकर के आदर्श एवं सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे। भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार नागरिकों के महत्वपूर्ण अधिकार है। जिनका उद्देश्य नागरिकों की स्वतंत्रता और गरिमा की रक्षा करना है। इन मौलिक अधिकारों के सृजन का श्रेय भी डॉ अम्बेडकर को है। आज हम आन बान,शान से अपनी जिम्मेदारियों का वहन कर रहें है।

आयोजन

डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न समाज प्रमुखों को शॉल भेटकर किया गया सम्मानित

## सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाई डॉ. अंबेडकर जयंती

**विजय मत, ब्यूरो गरियाबंद ।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का वर्चुअल उद्बोधन भी हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ जी.आर. मरकाम, अपर कलेक्टर नवीन भगत, उप संचालक पंचायत के.एस. नागेश प्रमुख रूप से उपस्थित थे।कार्यक्रम में अतिथियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया।



साथ ही सामाजिक समरसता दिवस के अवसर पर विभिन्न समाज प्रमुखों को शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में अटल पंचायतों डिजिटल सुविधा केन्द्र के लिए प्रति विकासखण्ड के 10-10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सीएससी के वी एल ई सर्विस प्रदाता के मध्य एमओयू की कार्यवाही का आदान-प्रदान किया गया। जिससे ग्रामीणों को नागरिक सुविधा के साथ-साथ बैंकिंग एवं अन्य डिजिटल सेवाओं का ग्राम पंचायत में निर्धारित दर अथवा निःशुल्क रूप में मिल सके। साथ ही नागरिकों को सरकारी सेवाओं, शैक्षणिक सेवाओं, पीएम किसान, आयुष्मान कार्ड, ई-श्रम कार्ड पंजीकरण और अन्य सेवाओं जैसे डिजीटल सेवाएं प्रदान किया जायेगा। इसका शुभारंभ 24 अप्रैल 2025 को पंचायत राज दिवस के अवसर पर अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के रूप में की जायेगी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण विशेष पखवाड़ा मोर दुवार साय सरकार महाभियान 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक सर्वेक्षण कार्य पूरा किया जायेगा और पूरी प्रक्रिया से अवगत कराई जाएगी, ताकि कोई भी पात्र परिवार योजना से वंचित न रहे। इसकी जानकारी नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों एवं उपस्थित नागरिकों को दी गई। तथा इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।इसके अलावा कार्यक्रम में भू-जल स्तर के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया गया कि आज नदी, नाले, तालाब, पोखर, अत्यधिक भू-जल दोहन के कारण सुख रहे है।

### संविधान निर्माता को श्रद्धांजलि देने जुटे जनप्रतिनिधि, अधिकारी और आम नागरिक

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर नवा रायपुर में अम्बेडकर चौक पर उमड़ा जनसैलाब

विजय मत, रायपुर।

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज नवा रायपुर अटल नगर के इंद्रावती भवन के समीप कैपिटल कॉम्प्लेक्स परिक्षेत्र स्थित अम्बेडकर चौक पर एक भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बी. आर. अंबेडकर जयंती समारोह संयुक्त आयोजन समिति द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने भाग लिया।सुबह से ही अम्बेडकर चौक पर लोगों का जमावड़ा शुरू हो गया था। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। अम्बेडकर चौक




के समीप रैली निकाली गई और जय भीम के नारे लगाये गए। इसके पश्चात समिति के पदाधिकारियों और आमंत्रित अतिथियों द्वारा अंबेडकर जी के जीवन, विचारों और उनके द्वारा समाज में लाए गए क्रांतिकारी बदलावों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने डॉ. अंबेडकर को सामाजिक न्याय का प्रतीक, दलितों और वंचितों के अधिकारों के संरक्षक तथा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार के रूप में याद किया।

उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने केवल एक नेता के रूप में नहीं, बल्कि एक विचारधारा के रूप में कार्य किया, जिसकी प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है।जनसंपर्क के अपर संचालक आलोक देव ने बौद्ध अर्थशास्त्र के बारे अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जंगल सफारी के संचालक धम्मशील गनवीर, छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा, अपाक्स के अध्यक्ष सत्येंद्र देवांगन, प्रगति शील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के अध्यक्ष आर पी भतपहरी, संरक्षक विनोद भारती, सर्व अनिल कुमार बनज, एस के सोनवानी, अश्विनी कुमार बंजारा, एच के रंगारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### अंबेडकर अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा

इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान जय भीम, डॉ. अंबेडकर अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। संयुक्त आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य नवा रायपुर के नागरिकों को डॉ. अंबेडकर के विचारों से जोड़ना और सामाजिक समरसता की भावना को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में सहभागिता कर रहे लोगों ने अंबेडकर जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प भी लिया।मुख्य अतिथि रायपुर संभाग के आयुक्त श्री महादेव कांवरे ने संविधानिक आदर्शों के पालन हेतु सभी को सपथ दिलाई। अम्बेडकर जी के जातिविहीन समाज की परिकल्पना के बारे में बताया और कहा कि उनके विचारों को जनजन तक पहुंचाए।

### न्यूज इन शॉर्ट



### 20 किलो 270 ग्राम गांजे के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। 20 किलो 270 ग्राम गांजे के साथ नहरपारा स्थित आत्मानंद स्कूल के बाजू से गंज पुलिस ने 2 तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से 20 किलो 270 ग्राम गांजे को जप्त किया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम आकाश कुशवाहा 26 मेहरावता थाना किशनगंज बारा राजस्थान व निलेश मालवीय 30 नयापुरा खेड़ा नरोला थाना शुजालपुर शाजापुर मध्यप्रदेश बताया। जब्त गांजे की कीमत 2,02,000 रुपए है। दोनों आरोपियों के खिलाफ गंज पुलिस ने धारा 20 बी नारकोटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय हैं कि आकाश कुशवाहा पूर्व में थाना किशनगंज जिला बारा (राजस्थान) से बलवा एवं मारपीट के प्रकरण में जेल जा चुका है।

### बौद्ध विहारों में की गई संविधान निमार्ता की पूजा-अर्चना

रायपुर। संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती पर सोमवार को बौद्ध विहारों में




पूजा-अर्चना व केक काटकर मनाई गई। इसके अलावा शहर के अलग-अलग चौराहों में बाबा साहेब के जयंती के उपलक्ष्य में विविध आयोजन भी हुए। इस अवसर पर राजनीतिक क्षेत्र के लोगों ने भी उन्हें प्रणाम कर याद किया।बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष बौद्ध अनुयायियों ने परंपरागत रूप से मोमबत्ती प्रज्जवलित कर प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित किए। शहर के अलग-अलग बौद्ध विहारों में आज सुबह उनकी जयंती पर प्रबुद्धगणों ने अपने संबोधन के जरिये बाबा साहेब के जीवन से जुड़ी अहम ज्ञानवर्धक जानकारियां दी। एक दलित वर्ग से होने के उपरांत भी बाबा साहेब ने शिक्षा के क्षेत्र में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया। छुआछुत के प्रति भी उन्होंने एक जागरूक अभियान चलाया था। संविधान निमार्ता डॉ. अम्बेडकर की गहरी सोंच और उनकी दूरदर्शी विचारों से आज हर वर्ग उन्हें आदर भाव से नमन करता है।

### अहमदाबाद एक्सप्रेस के जनरल कोच से दो गांजा तस्कर गिरफ्तार

रायपुर। रायपुर रेल मंडल के आरपीएफ कमांडेंट ने विशेष अभियान चलाकर गांजा तस्कर और अवैध वेंडर्स पर कार्रवाई के निर्देश दिए है. रेसुब पोस्ट दुर्ग व विखुशा रायपुर के साथ ऑपरेशन नारकोस के तहत मुखबीर की सूचना के आधार पर रेसुब पोस्ट दुर्ग प्रभारी के नेतृत्व में उप निरीक्षक एमएल यादव, उप निरीक्षक सनातन थानापति, आरक्षक एसआर मीना, उप निरीक्षक एसके वर्मा आरक्षक निर्मल कुमार सिंह विखुशा रायपुर के साथ गाड़ी संख्या 12843 पूरी-अहमदाबाद एक्सप्रेस के पीछे के सामान्य कोच पर सफर कर रहे 2 यात्री को समय 10.40 बजे घेरा बंदी कर पकड़कर गाड़ी से उतारा गया, उसके पास रखे भूरे रंग का बैग को चेक करने पर मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया. आरपीएफ के मुताबिक आरोपियों का नाम समीर मोहम्मद शेख पिता मोहम्मद शेख उम्र 45 वर्ष साकिन लोहदा थाना पहाड़ी जिला चित्रकूट उत्तर प्रदेश और रामविलास साहू पिता बच्छराज साहू उम्र 22 वर्ष साकिन बारी गली कारगिल चौक कस्तूरबा नगर बिलासपुर थाना सिविल लाइन जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है. उनके बैग से कुल 6 पैकेट मादक पदार्थ गांजा जिसका कुल वजन 11 किलो 100 ग्राम पाया कीमत 2,22,000/- (दो लाख बाइस हजार रुपये) बताया जा रहा है.

### कोलकाता हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग की प्रक्रियाओं पर जताया पूर्ण संतोष

रायपुर। कोलकाता हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए भारत निर्वाचन आयोग (एउक) द्वारा अपनाई गई नामांकन और नागरिकता सत्यापन की प्रक्रियाओं पर पूर्ण संतोष व्यक्त किया है। इस मामले में याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए पूर्ण नागरिकता सत्यापन अनिवार्य होना चाहिए, और यह कार्य चुनाव आयोग द्वारा उचित रूप से नहीं किया गया है। साथ ही यह चिंता भी जताई गई कि कुछ विदेशी नागरिक अवैध रूप से भारतीय नागरिकता प्राप्त कर चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं, विशेषकर आगामी 2026 पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में।

इस पर मुख्य न्यायाधीश टी. एस. शिवगननम ने स्पष्ट किया कि चुनाव आयोग तब कार्य करता है जब चुनाव अधिसूचित हो जाता है और उम्मीदवार नामांकन दाखिल करता है। आयोग द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं में पहले से ही पर्याप्त जांच और संतुलन हैं।

# अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने किया नारी शक्ति का सम्मान

विजय मत,रायपुर।

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा नारीशक्ति सम्मान समारोह तथा बच्चों के श्लोक पठन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम वृंदावन हॉल सिविल लाइंस में सफल आयोजन संपन्न हुआ।कार्यक्रम के संयोजक युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रतीक तिवारी थे।कार्यक्रम की अध्यक्षता नारीशक्ति प्रकोष्ठ प्रदेश प्रमुख श्रीमती चित्रा तिवारी ने किया। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती निवेदिता मिश्रा,मुंगेली से श्रीमती मंजुला शर्मा ,श्रीमती उर्वशी पाठक,श्रीमती राजकुमारी तिवारी,श्रीमती भारती अवतार शर्मा, थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्रीमती चित्रा तिवारी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में संगठन द्वारा पूर्व में किए गए कार्यक्रम,कार्यशैली एवं आगामी कार्यक्रम पर विस्तृत प्रकाश



डाले। कार्यक्रम संयोजक प्रतीक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के बहनों का सम्मान किया गया। जिनका विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य रहा है।इस कड़ी में दीपाली पांडेय ,किरण शर्मा,मोनिका दुबे,विनय त्रिवेदी अवस्थी, डॉक्टर स्नेही पांडेय , डॉक्टर अनुश्री पाठक,श्रीमती शांति तिवारी डॉक्टर विभा मिश्रा,बरखा शर्मा, रिया पांडेय,आदि को सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में बिलासपुर, मुंगेली,भाटापारा ,दुर्ग,जगदलपुर , बलौदाबाजार,जांजगीर रतनपुर ,बेमेतरा ,राजनांदगांव , अंबिकापुर आदि जिले के सदस्य सहित डॉक्टर एस के शर्मा,प्रतीक तिवारी, उमा तिवारी, सविता शर्मा,रश्मि तिवारी,अमित मिश्रा, प्रदीप मिश्रा,अविनाश मिश्रा, आकाश मिश्रा,जितेंद्र पांडेय, डॉक्टर मल्लिका मिश्रा,साधना शुक्ला,श्रीमती सुभद्रा तिवारी ,श्रीमती लक्की दुबे,आरती शर्मा,श्रीमती साधना चक्रवर्ती ,अनिल दुबे,राजीव द्विवेदी परम,श्रीमती मनोरमा शर्मा,विनय दुबे ,श्रीमती प्रीति झा,पारुल मिश्रा,श्रीमती भारती नंदे ,चित्रसेन नंदे,अथर्व तिवारी ,विनय तिवारी ,राखी शर्मा,श्रीमती सुनीता पांडेयमोक्षिमा शर्मा,शोभा तिवारी प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम के सफल संचालन श्रीमती

# धरने पर बैठी बर्खास्त शिक्षिका को बिच्छू ने मारा डंक, हालत नाजुक

विजय मत,रायपुर।

नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर शनिवार रात एक बर्खास्त सहायक शिक्षिका को बिच्छू ने डंक मार दिया, जिससे धरना स्थल पर हड़कंप मच गया। गंभीर रूप से घायल शिक्षिका प्रिया मंडावी को पहले अभनपुर अस्पताल और फिर मेकाहारा रेफर किया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

प्रिया मंडावी उन बर्खास्त प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों में शामिल हैं जो बीते चार महीने से बहाली की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं।

हादसा रात करीब 1:30 बजे हुआ, जब वह बैस भवन के पास




सो रही थीं। डंक लगते ही उनकी चीख सुन अन्य महिला शिक्षिकाएं जाग गईं।

शिक्षकों ने बताया कि डायल 112 को कॉल कर एंबुलेंस की सूचना दी गई, लेकिन आधे घंटे तक कोई मदद नहीं पहुंची। अंत में साथी शिक्षकों ने उन्हें बाइक पर बैठाकर अस्पताल पहुंचाया।

धरना स्थल पर प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं ने बताया कि वहां न तो पीने के पानी की व्यवस्था है, न ही शौचालय। जगह इतनी असुरक्षित है कि सांप-बिच्छू अक्सर निकलते रहते हैं, बावजूद इसके वे लगातार चार महीने से डटे हुए हैं।प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की मांग है कि सरकार उनकी नौकरी बहाल करे और धरना स्थल की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। घटना के बाद एक बार फिर प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए नमित विनोद कुमार शुक्ल को विप्र गौरव सम्मान

### वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन ने किया सम्मानित

विजय मत,रायपुर।

राष्ट्रपति द्वारा प्रदत्त ज्ञानपीठ पुरस्कार हेतु छत्तीसगढ़ से प्रथम बार चयनित वरिष्ठ साहित्यकार श्री विनोद कुमार शुक्ल जी से वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन से पदाधिकारियों ने उनके निवास में भेंटकर उन्हें इस सम्मान के लिये बधाईयां एवं शुभकामनाएं देते हुए उनका कुशलक्षेम जाना.

श्री विनोद कुमार शुक्ल जी हिंदी साहित्य के एक प्रतिष्ठित कवि और लेखक हैं. इनका साहित्य मन के कोनों में छिपी सूक्ष्म अनुभूतियों को शब्द देती हैं, जो पाठक को अपनी ओर खींचती है. उनका साहित्य समकालीन हिंदी कविता को एक नया आयाम देता है. उनकी साहित्य साधना हेतु ज्ञानपीठ पुरस्कार 2025 हेतु नमित किया गया है.

इस अवसर पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के पदाधिकारियों ने विप्र गौरव सम्मान से सम्मानित करते हुए ने पुष्पगुच्छ, शॉल एवम् स्मृति चिन्ह प्रदान किया. इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा, राष्ट्रीय



महासचिव एवं कान्यकुब्ज ब्राह्मण सभा अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, प्रदेश महासचिव द्वय सुनील कुमार ओझा, अजय अवस्थी, प्रदेश सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, उपाध्यक्ष मिथिलेश रिछारिया एवं सांस्कृतिक सहसचिव विद्या भट्ट उपस्थित रहे.

# 10 या 10 से अधिक श्रमिक वाले दुकान अब 24 घंटे रहेंगे खुले

### दुकान एवं स्थापना अधिनियम 2017 व नियम 2021 लागू, छोटे व्यापारियों को बड़ी राहत

विजय मत,रायपुर।

छत्तीसगढ़ में दुकान एवं स्थापना (नियोजन एवं सेवा की शर्तों का विनियमन) अधिनियम, 2017 तथा नियम, 2021 को 13 फरवरी 2025 से लागू कर दिया गया है। यह अधिनियम राज्य के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उन दुकानों और स्थापनाओं पर लागू होगा जहां 10 या उससे अधिक श्रमिक कार्यरत हैं। वहीं, जिन प्रतिष्ठानों में 10 से कम कर्मचारी हैं या कोई भी श्रमिक कार्यरत नहीं है, उन्हें इस अधिनियम से पूर्णतः मुक्त रखा गया है।नए अधिनियम के तहत पंजीयन की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया गया है।



प्रत्येक व्यवसायी को 6 माह के भीतर श्रम विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन उपरांत डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। साथ ही, किसी भी प्रकार का संशोधन या दुकान बंद करने की सूचना भी ऑनलाइन माध्यम से दी जा सकेगी। पंजीयन आवेदन के 15 कार्य दिवस के भीतर यदि विभाग द्वारा प्रमाणन नहीं किया जाता, तो डीम्ड रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था लागू होगी, जिससे समयबद्ध प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकेगी।


अधिनियम के तहत कर्मचारियों को 08 दिवस आकस्मिक अवकाश, 08 दिवस त्यौहारी अवकाश एवं अर्जित अवकाश का लाभ मिलेगा। महिला श्रमिकों को रात्रिकालीन पाली में नियोजन की अनुमति दी गई है, बशर्ते नियोजक द्वारा सुरक्षा एवं आवश्यक सुविधा सुनिश्चित की जाए। सप्ताह के सभी दिनों में दुकान संचालन की अनुमति दी गई है, बशर्ते कर्मचारियों को साप्ताहिक अवकाश सुनिश्चित किया जाए। राज्य शासन आवश्यकता अनुसार क्षेत्रीय स्तर पर साप्ताहिक अवकाश घोषित कर सकेगा।

# भव्य इस्कॉन-अक्षरधाम मंदिर बनाने के लिए नई राजधानी में जमीन की मांग

विजय मत,रायपुर।

अटल नगर नई राजधानी में शीघ्र ही अक्षरधाम-एस्कॉन एवं रविशंकर महाराज द्वारा आकर्षक मंदिर एवं आश्रम स्थापित किए जाने के लिए राज्य सरकार के नारडा से जमीन मांगी है।

अटल नगर स्थित नारडा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नई राजधानी में अंतरराष्ट्रीय संस्था अक्षरधाम एवं इस्कॉन द्वारा एक बड़ा भूखंड आवंटित करने के लिए आवेदन दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार अक्षरधाम द्वारा गुजरात के गांधीनगर में एक आकर्षक मंदिर बनाया गया है जो की करोड़ों रुपए का है। इसके अलावा नई दिल्ली में भी एक भव्य मंदिर बनाया गया है।



जो कि आकर्षण का केन्द्र बिंदु है। अधिकारियों के अनुसार अभी एक बड़ा भूखंड मांगा गया है जिस पर राज्य शासन विचार कर रहा है। इसे रियायती दरों पर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस्कॉन द्वारा भी एक बड़ा भूखंड मांगा गया है। इस्कॉन द्वारा वृंदावन बेंगलुरु तथा पश्चिम बंगाल के मायापुर में आकर्षक मंदिर बनाया गया है, जिसमें करोड़ों रुपए की लागत आई है। अधिकारियों के अनुसार अभी इन सभी प्रस्तावों पर विचार किया जा रहा है। समय आने पर इन्हें शीघ्र ही बड़ा भूखंड आवंटित कर दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि नई राजधानी अटल नगर में फर्स्ट लेयर में करीब 12 गांव आते हैं यहां पर अब रेलमार्ग प्रारंभ हो गया है। एक निजी होटल भी शुरू हो गया है। जिसके कारण लोगों की आवाजाही शुरू हो गई है। वर्तमान में पेयजल संकट को दूर करने के लिए एक एनीकट बनाया गया है, जिसे शीघ्र ही और आकर्षक बना दिया जाएगा। नई राजधानी में मंत्रालय, सचिवालय के अलावा विभिन्न विभागों के मुख्यालय भवन बन गए हैं। यहां पर आवासीय कालोनी बना दी गई है।

### जयंती — डॉ भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक समानता और समरसता के लिए जीवन भर संघर्ष किया

# कांग्रेस ने जनता से 75 सालों तक सिर्फ अन्याय किया, अब न्याय यात्रा करने से पाप नहीं धुलेंगे :अरूण साव

विजय मत,रायपुर।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने रायपुर निवास में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि, डॉ भीमराव अंबेडकर हमारे संविधान निमार्ता है। वे देश के पहले विधि मंत्री रहे हैं। और संविधान के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण विचार और सोच थी। बाबा साहेब देश से सामाजिक असमानता को दूर करना चाहते थे, वे सामाजिक समरसता का भाव लाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने पूरा जीवन संघर्ष किया। श्री साव ने कहा कि, वास्तविक रूप से उनके विचार जन जन तक जाए, इस उद्देश्य के साथ भारतीय जनता पार्टी ने उनके जन्म जयंती को सामाजिक समरसता दिवस के रूप में मना रही है। भाजपा हमेशा उनकी जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाती आ रही है। ये हमारे पार्टी के अनिवार्य कार्यक्रमों में से एक है।उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि, कांग्रेस ने पांच साल राज्य की कानून व्यवस्था को बदहाल किया है। प्रदेश को अपराध का गढ़ बनाया है, इसलिए कानून



व्यवस्था पर कांग्रेस को कुछ कहने का अधिकार नहीं है। श्री साव ने कहा कि, सीवरेज के लिए खोदे गए गड्ढे में गिरने से एक बच्चे की मौत की दुखद खबर सामने आई, यह घटना परिवार के साथ हम सब के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इसमें जिसने भी लापरवाही बरती है, इसकी जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। और इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसलिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।साव ने कहा कि, हमारी सरकार ने औद्योगिक नीति में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई व्यवस्थाएं की है। सरकार ने पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया है। और उसी का हिस्सा होम स्टेट है। बस्तर के कुछ गांवों में इसकी व्यवस्था हुई है। इसे व्यापक पैमाने पर करने के लिए हमारी सरकार प्रयास कर रही है।उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि, कांग्रेस ने हमेशा देश, समाज और लोगों के साथ अन्याय किया है। कांग्रेस ने महिलाओं, युवाओं, संवर्ण वर्ग, पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं किसानों के साथ 75 साल तक केवल अन्याय किया है। इस वजह से कांग्रेस बार बार न्याय यात्रा करती हैं। न्याय यात्रा करने से उनके पाप धुलने वाले नहीं है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल


## वक्त कभी किसी का सगा नहीं

खूबसूरत सृष्टि की रचना करने वाली कुदरत ने खूबसूरत मानवीय जीवन के साथ वक्त का एक ऐसा पहिया संलग्न कर दिया है कि मानवीय जीवन चक्र के साथ वक्त का पहिया भी घूमता रहता है! जो किसी का सगा नहीं है!! बस मानवीय जीवन को ही अपनी बुद्धि के बल पर परिस्थितियों के अनुसार कुशाग्र बुद्धि से वक्त का सकारात्मक उपयोग कर ऐसा कार्य करना चाहिए कि हमारा नाम सदियों, पीढ़ियों तक टिमटिमाते तारों की तरह इस सृष्टि में जगमगाता रहे,क्योंकि वक्त हमेशा एक सा नहीं रहता वक्त का पहिया कैसे करवट बदल देता है, पता ही नहीं चलेगा, क्योंकि वक्त अपनी गति से चलता रहेगा वक्त का पहिया हमेशा एक जैसा नहीं रहता कितना भी पकड़ लो फिसलता ज़रूर है,यह वक्त है साहब बदलता जरूर है। साथियों बात अगर हम वक्त के तकाज़े की करें तो हम खुद अपने पुराने और आज के वक्त का ही विश्लेषण कर ले कि कुछ साल या दशक पूर्व हम क्या थे और अब क्या हैं, तो हमें पता चल ही जाएगा कि वक्त कभी एक सा नहीं रहता!! इतना ही नहीं अगर हम अपने ही समाज या पीढ़ियों का विश्लेषण करें तो हमें अंदाज लग जाएगा कि वक्त का पहिया कैसे घूमकर बदलते रहता है इसलिए ही बड़े बुजुर्गों का कहना हैं, समय-समय की बात है आज तुम्हारा समय है कल हमारा समय भी आएगा साथियों बात अगर हम हमारे शहर जिले राज्य या राष्ट्र की करें तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिल जाएंगे,अपने को बड़े शहंशाह, तीरंदाज कहने मानने वाले लोगों को भी हमने लाचार, तारतार होते देखा होगा, जिनके पास बेशुमार,दौलत पावर था और सबकुछ खरीद सकते थे परंतु वक्त का पहिया ऐसा फिसला कि उनका पैसा, पावर सब कुछ जमींदरोज़ हो गया और पैसे पैसे को मोहताज हो गए,हमने सुना ही नहीं अपनी आंखों से देखा भी जरूर होगा या फिर हमें यह अपने उम्र के बढ़ते चढ़ाव पर देखने को जरूर मिल जाएगा।

### नोट

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

## डॉ. नरोत्तम मिश्रा शिद्दत से निभाते हैं जीवन का हर किरदार



डॉ. दुर्गेश केसवानी

“मध्यप्रदेश की राजनीति में लोकप्रियता हासिल करने वाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा पूरे प्रदेश में एक लोकप्रिय नेता बनकर उभरे हैं। डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने प्रदेश की राजनीति में अपनी कुशल वाकपटुता के आधार पर एक अलग पहचान बनाई है। उनके हाजिर जवाब और शायराना अंदाज की वजह से लोग उन्हें काफी पसंद करते हैं। उन्होंने साबित कर दिया कि पार्टी का कार्यकर्ता संगठन का श्रृंगार है। कार्यकर्ता आधारित पार्टी नारा नहीं एक सच्चाई है और वह कार्यकर्ता पार्टी का मेरुदण्ड बनकर संगठन को सर्वस्पर्शी, सर्वग्राही बनाने के लिए संकल्पित हैं। उन्होंने संगठन में अपनी संगठन क्षमता से कार्यकर्ता को अपना मुरीद तो बनाया ही अपने को कार्यकर्ता का सखा, मित्र और मार्गदर्शक भी साबित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच सद्भाव का सेतु बनने का कार्य किया है।”

संसार में बहुत कम लोग ऐसे होते हैं, जिनसे जितनी बार भी मिलें, हर बार की मुलाकात में एक नया अनुभव होता है। मप्र के पूर्व गृहमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. नरोत्तम मिश्रा भी ऐसी ही शख्सियत हैं, जिनसे मिलने पर मन आनंदित हो जाता है। डॉ. मिश्रा एक अच्छे राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ उनको जो भी दायित्व मिला उसे जवाबदारी को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ निभाया। सामाजिक और राजनैतिक जीवन में आने के बाद अपनी दिनचर्या में मर्यादा, गरिमा, दायित्वों और कर्तव्यों का पालन थोड़ा कठिन हो जाता है। डॉ. मिश्रा आज स्वयं एक ऐसा उदाहरण बन चुके हैं, जो राजनीति में आए नौजवानों के लिए एक आदर्श के रूप में स्थापित हो चुके हैं। एक कर्मयोगी की तरह सतत् जनसेवा में लगे रहने वाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा प्रदेश के लोकप्रिय राजनेता तो हैं ही, वह अपनी पार्टी, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की बिरादरी में एक सहज और सरल व्यक्तित्व के रूप में उनके हर सुख-दुःख में उनके साथ खड़े रहते हैं। अपनी मोहक मुस्कान से सबको मोह लेने वाले, अपनी वाकपटुता और चातुर्य से राजनीतिक विरोधियों को चारों खाने कैसे चित करते है यह डॉ. मिश्रा के व्यक्तित्व में साफ नजर आता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आजीवन स्वयंसेवक और भारतीय जनता पार्टी के एक समर्पित, कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में डॉ.मिश्रा लगातार कर्मयोगी की तरह जीवन के पथ पर अग्रसर हैं।



पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा के जन्मदिन पर विशेष

नर सेवा को ही नारायण सेवा समझने वाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा को ऐसे ही लोग अदम्य साहस और शौर्य का प्रतीक नहीं कहते हैं। जनता की सेवा में हमेशा तत्पर रहने वाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा की वह तस्वीर कभी नहीं भुलाई जा सकती। मंत्री रहते हुए जब वह बाढ़ में फंसे लोगों को बचाने के लिए खुद ही अपने प्राणों की परवाह किए बिना बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को बचाने के लिए उतर जाते हैं। सरकार में मंत्री होने के नाते दतिया जिले में वह हवाई दौरा करने के दौरान जब उन्होंने कोटरा गांव के एक घर की छत पर कुछ लोगों को फंसे हुए देखा तो खुद लोगों को बचाने के लिये नाव से निकल गए। जिसके बाद वहां से सभी को एयरलिफ्ट कर हेलीकॉप्टर से सुरक्षित निकलवाया गया। उस समय उन्होंने तनिक भी अपने प्राणों की परवाह नहीं की और यह भी नहीं सोचा की उनकी इस दौरान जान भी जा सकती थी। यही उनका अदम्य साहस और शौर्य है जो उन्हें अन्य राजनीतिज्ञों से अलग बनाता है।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने अपने कार्यकाल में वामपंथियों को एहसास करा दिया है कि सनातन धर्म पर डिजिटल हमले करना आसान नहीं है। यह उन्हीं के ही प्रयास हैं कि डाबर ने माफी मांगते हुए अपना विज्ञापन वापस लिया। विवाह जैसे पवित्र बंधन के नाम पर अश्लीलता परोसने वाले सब्यसाची ने अपना मंगलसूत्र का विज्ञापन वापस लिया। इसके अलावा श्वेता तिवारी के विवादित बयान हों या अमेजन कंपनी द्वारा खुलेआम जहर की डिलीवरी करना जोमैटो द्वारा सड़क सुरक्षा का खुलेआम उल्लंघन या हिंदू धर्म पर हमला करने वाले कव्वाल, डॉ. मिश्रा की बारीक नजरों से कोई भी नही बच सका।

अपनी सरकार को बचाए रखना एक कुशल नेता के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। बात हम मध्यप्रदेश के परिपेक्ष में करें तो यहाँ एक नेता सबकी नज़रों में रहता है। जो न सिर्फ लोकतांत्रिक प्रणाली को समझते हैं, बल्कि संसदीय ज्ञान में भी उनका कोई सानी नहीं है। जिनकी गिनती लोकतांत्रिक प्रणाली का ज्ञान रखने वाले उन पंडितों में होती है जो मुश्किलों में फंसी सरकार के लिए हमेशा संकटमोचन का काम करते रहे है। डॉ. नरोत्तम मिश्रा की गिनती प्रदेश की राजनीति में अपनी एक अलग धमक रखने वाले नेता के रूप में होती है। डॉ. नरोत्तम मिश्रा मध्यप्रदेश भाजपा के उन नेताओं में शुमार है जो केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा समय पर दिए जाने वाले पार्टी कार्यां को शतप्रतिशत धरातल पर उतारने का माद्दा रखते है। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारणी में मध्यप्रदेश से छह नेताओं को शामिल किया गया उनमें डॉ. नरोत्तम मिश्रा का शामिल होना इस ओर इशारा करता है कि वह केन्द्रीय नेतृत्व के न सिर्फ करीब है बल्कि पार्टी की रीति और नीति को समझने के साथ ही पार्टी के उन विश्वस्त नेताओं में एक है जो वास्तव में अपनी पार्टी को माँ का दर्जा देता है। यह किसी से छुपा नहीं है कि 2018 में भाजपा की सरकार जाने के बाद भी पूरी सक्रियता से पार्टी और जनता के लिए काम करने वाले डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने किस तरह दोबारा प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

डॉ. नरोत्तम मिश्रा को भाजपा का संकटमोचक भी कहा जाता है। यही वजह है कि पूर्व मुख्यमंत्री व केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान डॉ. नरोत्तम मिश्रा को भाजपा का हीरा और हीरो कहते थें। जनमानस के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहते हुए, जरूरतमंदों की मदद कर उनके दिलों में अपनी अलग ही छवि निर्मित की है। उन्हें सरकार में जो भी दायित्व मिला उन्होंने उस दायित्व को भी बुलंदियों पर पहुंचाया है। चाहे डॉ. मिश्रा स्वास्थ्य मंत्री रहे हों या जल संसाधन मंत्री या फिर वह जनसंपर्क मंत्री हर विभाग में उन्होंने मील का पत्थर गाड़ा है। भारतीय जनता पार्टी संगठन ने उन्हें सागर संभाग का कलस्टर प्रभारी व न्यू ज्वाइनिग टोली का प्रदेश संयोजक बनाया तब भी उन्होने ज्वाइनिंग में रिकार्ड तोड़कर अचंभित कर दिया है। डॉ. मिश्रा अपने माता-पिता से मिले अपने नाम को वास्तविकता में चरितार्थ कर रहे हैं।

**लेखक- भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता है।**

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## भारत को पुन: विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने हेतु सांस्कृतिक संगठनों को भी विशेष भूमिका निभानी होगी

प्रहलाद सबनानी

“प्राचीनकाल में भारत में राजा का यह कर्तव्य होता था कि उसके राज्य में निवास कर रही प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट नहीं हो और यदि किसी राज्य की प्रजा को किसी प्रकार का कष्ट होता था तो वह नागरिक अपने कष्ट निवारण के लिए राजा के पास पहुंच सकता था। परंतु, जैसे जैसे राज्यों का विस्तार होने लगा और राज्यों की जनसंख्या में वृद्धि होती गई तो उस राज्य में निवास कर रहे नागरिकों के कष्टों को दूर करने के लिए धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन भी आगे आने लगे एवं नागरिकों के कष्टों को दूर करने में अपनी भूमिका का निर्वहन करने लगे।”

प्राचीनकाल में भारत विश्व गुरु रहा है इस विषय पर अब कोई शक की गुंजाईश नहीं रही है क्योंकि अब तो पश्चिमी देशों द्वारा पूरे विश्व के प्राचीन काल के संदर्भ में की गई रिसर्च में भी यह तथ्य उभरकर सामने आ रहे हैं। भारत क्यों और कैसे विश्व गुरु के पद पर आसीन रहा है, इस संदर्भ में कहा जा रहा है कि भारत में हिंदू सनातन संस्कृति के नियमों के आधार पर भारतीय नागरिक समाज में अपने दैनंदिनी कार्य कलाप करते रहे हैं। साथ ही, भारतीयों के डीएनए में आध्यतम पाया जाता रहा है जिसके चलते वे विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले अपने कार्यों को धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। लगभग समस्त भारतीय, काम, अर्थ एवं कर्म को भी धर्म से जोड़कर करते रहे हैं। काम, अर्थ एवं कर्म में चूंकि तामसी प्रवृत्ति का आधिक्य बहुत आसानी से आ जाता है अतः इन कार्यों को तासमी प्रवृत्ति से बचाने के उद्देश्य से धर्म से जोड़कर इन कार्यों को सम्पन्न करने की प्रेरणा प्राप्त की जाती है। जैसे, भारतीय शास्त्रों में काम में संयम रखने की सलाह दी जाती है तथा अर्थ के अर्जन को बुरा नहीं माना गया है परंतु अर्थ का अर्जन केवल अपने स्वयं के हित के लिए करना एवं इसे समाज के हित में उपयोग नहीं करने को बुरा माना गया है। इसी प्रकार, दैनिक जीवन में किए जाने वाले कर्म भी यदि धर्म आधारित नहीं होंगे तो जिस उद्देश्य से यह मानव जीवन हमें प्राप्त हुए है, उस उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।



समय के साथ साथ धनाडय वर्ग भी इस पावन कार्य में अपनी भूमिका निभाने लगा। फिर, और आगे के समय में एक नागरिक दूसरे नागरिक की परेशानी में एक दूसरे का साथ देने लगे। परिवार के सदस्यों के साथ पड़ौसी, मित्र एवं सह्रदयी नागरिक भी इस प्रक्रिया में अपना हाथ बंटाने लगे। इस प्रकार प्राचीन भारत में ही व्यक्ति, परिवार, पड़ौस, ग्राम, नगर, प्रांत, देश एवं पूरी धरा को ही एक दूसरे के सहयोगी के रूप में देखा जाने लगा। ÷वसुधैव कुटुंबकम÷, ÷सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय÷, ÷सर्वे भवंतु सुखिन÷ का भाव भी प्राचीन भारत में इसी प्रकार जागृत हुआ है। ÷व्यक्ति से समष्टि÷ की ओर, की भावना केवल और केवल भारत में ही पाई जाती है।

वर्तमान काल में लगभग समस्त देशों में चूंकि समस्त व्यवस्थाएं साम्यवाद एवं पूंजीवाद के नियमों पर आधारित हैं, जिनके अनुसार, व्यक्तिवाद पर विशेष ध्यान दिया जाता है और परिवार तथा समाज कहीं पीछे छूट जाता है। केवल मुझे कष्ट है तो दुनिया में कष्ट है अन्यथा किसी और नागरिक के कष्ट पर मेरा कोई ध्यान नहीं है। जैसे यूरोपीयन देश उनके ऊपर किसी भी प्रकार की समस्या आने पर पूरे विश्व का आह्वान करते हुए पाए जाते हैं कि जैसे उनकी समस्या पूरे विश्व की समस्या है परंतु जब इसी प्रकार की समस्या किसी अन्य देश पर आती है तो यूरोपीयन देश उसे अपनी समस्या नहीं मानते हैं। यूरोपीयन देशों में पनप रही आतंकवाद की समस्या पूरे विश्व में आतंकवाद की समस्या मान ली जाती है। परंतु, भारत द्वारा झेली जा रही आतंकवाद की समस्या यूरोप के लिए आतंकवाद नहीं है। यह पश्चिमी देशों के डीएनए में है कि विकास की राह पर केवल मैं ही आगे बढ़ूँ, जबकि भारतीयों के डीएनए में है कि सबको साथ लेकर ही विकास की राह पर आगे बढ़ा जाय। यह भावना भारत में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक संगठनों में भी कूट कूट कर भरी है। इसी तर्ज पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम है, और भारत में निवास करने वाले हम समस्त नागरिक हिंदू हैं, क्योंकि भारत में निवासरत प्रत्येक नागरिक से सनातन संस्कृति के संस्कारों के अनुपालन की अपेक्षा की जाती है। भले ही, हमारी पूजा पद्धति भिन्न भिन्न हो सकती है, परंतु संस्कार तो समान ही रहने चाहिए। इसी विचारधारा के चलते आज संघ देश के कोने कोने में पहुंचने में सफल रहा है। संघ ने न केवल राष्ट्र को एकजुट करने का काम किया है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय तथा उसके बाद राहत एवं पुनर्वास कार्यों में भी अपनी सक्रिय भूमिका सफलतापूर्वक निभाई है। इस वर्ष संघ अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहा है परंतु संघ इसे अपनी उपलब्धि बिल्कुल नहीं मानता है बल्कि संघ के लिए तो शताब्दी वर्ष भी जैसे स्थापना वर्ष है और उसी उत्साह से अपने कार्य को विस्तार तथा सुदृढीकृत करते हुए आगे बढ़ने की बात कर रहा है। संघ का अपनी 100 वर्षों की स्थापना सम्बंधी उपलब्धि को उत्सव के रूप में मनाने का विचार नहीं है बल्कि इस उपलक्ष में संघ के स्वयंसेवकों से अपेक्षा की जा रही है कि वे आत्मचिंतन करें, संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार प्रकट करें एवं राष्ट्र के लिए समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करें। शताब्दी वर्ष में समस्त स्वयंसेवकों से अधिक सावधानी, गुणवत्ता एवं व्यापकता से कार्य करने का संकल्प लेने हेतु आग्रह किया जा रहा है।

आज संघ कामना कर रहा है कि पूरे विश्व में निवास कर रहे प्राणी शांति के साथ अपना जीवन यापन करें एवं विश्व में लड़ाई झगड़े का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अतः हिंदू सनातन संस्कृति का पूरे विश्व में फैलाव, इस धरा पर निवास कर रहे समस्त प्राणियों के हित में है। इस संदर्भ में आज हिंदू सनातन संस्कृति को किसी भी प्रकार का प्रमाण देने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि अब तो विकसित देशों द्वारा की जा रही रिसर्च में भी इस प्रकार के तथ्य उभर कर सामने आ रहे हैं कि भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है और यह हिंदू सनातन संस्कृति के अनुपालन से ही सम्भव हो सका है। अतः आज विश्व में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से हिंदू सनातन संस्कृति को पूरे विश्व में ही फैलाने की आवश्यकता है। परम पूज्य डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी ने भी संघ की स्थापना के समय कहा था कि संघ कोई नया कार्य शुरू नहीं कर रहा है, बल्कि कई शताब्दियों से चले आ रहे काम को आगे बढ़ा रहा है। संघ का यह स्पष्ट मत है कि धर्म के अधिष्ठान पर आत्मविश्वास से परिपूर्ण संगठित सामूहिक जीवन के आधार पर ही हिंदू समाज अपने वैश्विक दायित्व का निर्वाह प्रभावी रूप से कर सकेगा।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## बेलगाम फीस की वसूली- प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम कब लगेगी?

संतोष कुमार पाठक

दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। प्राइवेट स्कूलों द्वारा फीस में बेलगाम बढ़ोतरी की समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। प्राइवेट स्कूलों के संचालकों में मुनाफा कमाने का लालच इस कदर बढ़ता जा रहा है कि वे सारी सीमाओं को तोड़ते जा रहे हैं। स्कूल से जबरदस्ती महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर करने का मामला हो या फिर तय की गई दुकानों से ही घटिया क्वालिटी की ड्रेस ज्यादा कीमत पर खरीदने का दबाव हो, ऐसा लगता है कि इनपर कोई कानून या नियम लागू नहीं होता है। प्राइवेट स्कूलों की लॉबी इतनी ज्यादा मजबूत हो गई है कि अब इन्हें सरकारों का भी कोई भय नहीं रहा है। शुक्रवार को दिल्ली के एक नामी-गिरामी स्कूल से ऐसी खबर आई जिसने सबको स्तब्ध कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दिल्ली के एक बड़े स्कूल ने तो बच्चों को ही बंधक बना लिया था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के एक बड़े स्कूल में फीस बढ़ोतरी को लेकर वहां पढ़ने वाले बच्चों के अभिवावक प्रदर्शन कर रहे थे और इस बीच स्कूल के प्रबंधकों ने कुछ बच्चों को लाइब्रेरी में बंधक बना लिया। एक न्यूज चैनल ने तो यहां तक दावा किया है कि बच्चों को लाइब्रेरी में बंद करने के मामले की जांच साउथ वेस्ट डीएम लक्ष्य सिंहल ने की और उन्होंने यह भी माना कि जब वे जांच करने स्कूल पहुंचे तो उन्होंने खुद बच्चों को लाइब्रेरी में बैठे हुए पाया। डीएम ने जांच की रिपोर्ट शिक्षा विभाग को भेज दी है। उम्मीद करते हैं कि दिल्ली की बीजेपी सरकार इस स्कूल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए एक उदाहरण सेट करेगी ताकि भविष्य में कोई भी स्कूल इस तरह की हरकत करने के बारे में सोच भी नहीं सके। दिल्ली के कई प्राइवेट स्कूलों के बाहर मनमानी फीस बढ़ोतरी के खिलाफ अभिवावक प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं वसंतकुंज स्थित एक प्राइवेट स्कूल ने तो अभिभावकों के स्कूल परिसर में आने पर प्रतिबंध तक लगा दिया है। सही मायनों में कहा जाए तो यह स्कूलों की तानाशाही है और इस देश की सरकारों और लोकतांत्रिक व्यवस्था पर कई तरह के सवाल खड़े करती है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

## शब्द पहेली - 8337

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | |
| 9 | 10 | ■ | ■ | | ■ | ■ | 11 | |
| 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 |
| 23 | | ■ | ■ | | ■ | ■ | 24 | |
| | ■ | 25 | 26 | | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | |

### बाएँ से दाएँ

1. घूमना-फिरना-4
4. पक्षियों का शोर-4
7. धोखाधड़ी,मक्कारी-5
9. भस्म,खाक -2
11. आज्ञापालक,कर्मचारी-2
12. मगन,लीन-2
13. नेत्रावरण-3
15. त्याग,दक्षिणा-2
16. जीभ,जिव्हा-3
17. मक्खन-3
18. पेड़ का मध्य व मोट भाग-2
19. गर्भ-3
21. निवास,रहना-2
23. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. पानी,नीर-2
25. इच्छा पूर्ति करना-5
29. एक मुस्लिम महीना-4
30. भाग्य,नसीब-4

### ऊपर से नीचे

1. अनबन,झगड़ा-4
2. भालू-2
3. परिणाम-2
4. प्याला-2
5. बालों का गुच्छा-2
6. वर,इच्छापूर्ति-4
8. नीरज,जलज-3
10. भयानक-5
11. दयालु-5
13. आश्रय,शरण-3
14. करिश्मा,करतब-3
18. तहखाना-4
20. मगरमच्छ-3
22. शलवार,पायजामा-4
25. आनंद-2
26. झुका हुआ-2
27. पत्र,चिट्ठी-2
28. नासिका,घ्राणेंद्रिय-2

### शब्द पहेली -8336 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ल | बा | दा | ■ | स | ल | वा | र |
| प | ■ | ■ | न | सी | ब | ■ | ■ | त |
| ल | ■ | र | बी | ■ | क | ल | ■ | ज |
| क | म | त | र | ता | ■ | त | म | गा |
| ■ | द | ■ | ता | ■ | रा | ■ | ग | ■ |
| म | न | का | ■ | मो | ह | त | र | मा |
| र | ■ | ला | र | ■ | दे | र | ■ | म |
| ह | ■ | ■ | प | र | ख | ■ | ■ | ला |
| म | र | घ | ट | ■ | ना | पा | क | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

15 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.40 बजे से |
| चंद्र | तुला में | वृष | 07.20 बजे से |
| मंगल | कर्क में | मिथुन | 09.18 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.31 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 13.48 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.59 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 18.10 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.25 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.41 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.46 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 02.33 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.05 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 105 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वितीया 10.56 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 03.11 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सिद्धि(असृक) 23.33 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.56 बजे तदनन्तर वणिज 00.08 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 16.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 09° 47' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872315 **जूलियन दिन** 2460780.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 16 **विशेष** पहेला वैशाख।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

### कांग्रेस ने किया बाबा साहब का अपमान, भाजपा ने उनके सम्मान में बनाएं पंचतीर्थ

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतार रहे हैं: वीडी

**विजय मत, भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने सोमवार को भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर बोर्ड ऑफिस चौराहे पर स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया और नगर निगम द्वारा स्थापित सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ किया एवं संविधान को नमन कर अजा मोर्चा द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज बाबा साहब अंबेडकर की जयंती हम सभी के लिए अत्यंत महत्वूपर्ण है। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए बाबा साहब की जयंती सिर्फ 14 अप्रैल तक सीमित नहीं रहती बल्कि ये अखिल भारतीय स्तर के कार्यक्रमों में शामिल है और बूथ-बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता डॉ. अंबेडकर की जयंती मनाते हैं। डॉ. अंबेडकर एक विजनरी नेता थे और उन्होंने अपने बड़े मन से देश की एकता-अखंडता के लिए काम करते हुए संविधान के माध्यम से देश को एक सूत्र में बांधने का काम किया।



### बाबा साहब ने किया कांग्रेस के एजेंडे का विरोध

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो वंचितों को उनके अधिकार दिलाने के लिए धारा 370 हटाई, लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने 75 बार संविधान में संशोधन किए। कांग्रेस के लोग संविधान में धर्म निरपेक्ष शब्द जोड़ना चाहते थे। वो संविधान में समाजवाद शब्द जोड़ना चाहते थे। लेकिन बाबा साहब अंबेडकर ने संविधान सभा में इसे नकार दिया था। कांग्रेस पार्टी अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो तथा तुष्टीकरण की भावना को संविधान में लाना चाहती थी। कांग्रेस के इन प्रयासों का विरोध करते हुए बाबा साहब ने कहा था कि मैं कम्युनिज्म में विश्वास नहीं करता। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बाबा साहब एक विजनरी नेता थे और जल संरक्षण को लेकर उन्होंने महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं।

### बाबा साहब के विचारों को जमीन पर उतारने का संकल्प लें

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि बाबा साहब ने मध्यप्रदेश की धरती महू में जन्म लिया था। भाजपा की सरकारों ने बाबा साहब के जन्म स्थान पर भव्य स्मारक का निर्माण कराया और पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय सुंदरलाल पटवा से लेकर शिवराजसिंह चौहान और डॉ. मोहन यादव तक बाबा साहब को नमन करने के लिए वहां जाते रहे हैं। भाजपा की केंद्र सरकार ने नागपुर स्थित चैतन्य भूमि समेत उनके जीवन से जुड़े पंच तीर्थों का विकास किया है। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में लंबे समय तक कांग्रेस की सरकारें रहीं, लेकिन मैं ये पूछना चाहता हूं कि झूठ और छल-कपट की राजनीति करने वालों, तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों के मन में कभी ये विचार नहीं आया?

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकारें बाबा साहब के सपनों को साकार कर रहीं: हितानंद

**देवास।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने सोमवार को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर देवास जिले उज्जैन चौराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं सोनकच्छ विधानसभा के ग्राम टोंककला में वीर भारतीय सेवा बस्ती में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर उपस्थित जनों से बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने देश को संविधान दिया, जिस संविधान के तहत आज देश आगे बढ़ रहा है। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने आजादी के बाद से ही बाबा साबह को अपमानित करने का कार्य किया, इतना ही नहीं उन्हें चुनाव हराने का भी पाप कांग्रेस के नेताओं ने किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकारें बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही हैं।



भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि हम सबके लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि बाबा साहब का जन्म मध्यप्रदेश के महू में हुआ। उनकी अद्वितीय प्रतिभा को देखते हुए उन्हें उनके शिक्षक ने अंबेडकर सरनेम दिया। एक ब्राह्मण ने उनकी पढ़ाई का खर्च उठाया और उन्हें विदेश पढ़ने भेजा। शिक्षा ग्रहण करने के बाद भारत के वीर सपूत बाबा साहब ने देश की आजादी के बाद भारत का संविधान बनाया, जिसके आधार पर आज देश आगे बढ़ रहा है। लेकिन कांग्रेस ने बाबा साहब को हमेशा से अपमानित किया और उन्हें आगे बढ़ने से रोका।

## नशे में जैन संतों को पीटने का मामला गर्माया, विरोध में सिंगोली बंद, सीएम ने दिए कठोर कार्रवाई के आदेश







**विजय मत, ब्यूरो, नीमच**

नीमच जिले के ग्राम कछाला में तीन जैन संतों के साथ बीती रात छह बदमाशों ने मारपीट की, जिससे संतों के शरीर पर गंभीर चोट आई। इसके विरोध में जैन समाज द्वारा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर सिंगोली बंद का आव्हान किया गया। हालांकि, पुलिस ने आरोपियों को रात को ही गिरफ्तार कर लिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नीमच कलेक्टर हिमांशु चंद्रा, एसपी अंकित जायसवाल सिंगोली पहुंचे। यहां संतों से मिलकर उनका हाल जाना और जैन समाज के प्रतिनिधियों से चर्चा की।

सिंगोली की ओर से जैन संत शैलेष मुनि, बालभद्र मुनि और मुनींद्र मुनि रविवार को विहार कर नीमच की ओर आ रहे थे। सूर्यास्त होने पर तीनों जैन संत सिंगोली थाना क्षेत्र के ग्राम कछाला स्थित हनुमान मंदिर में विश्राम के लिए रुक गए। इसी दौरान रात करीब 12 बजे तीन बाइक से कुछ बदमाश वहां पहुंचे। बदमाशों ने पहले मंदिर के सामने बैठकर शराब पी। उसके बाद मंदिर में विश्राम कर रहे जैन संतों के पास पहुंचे और उनसे रुपये मांगने लगे, जब मुनियों ने मना किया तो बदमाशों ने जैन मुनियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए एक जैन मुनि सड़क की ओर भागे। उन्होंने रास्ते से गुजर रहे बाइक सवार से मदद मांगी। उससे समाज के लोगों को फोन करने के लिए कहा। बाइक सवार ने जैन समाज के कुछ लोगों को फोन किया।

सूचना पर कछाला गांव के लोग भी आ गए। लोगों को आता देख चार बदमाश मौके से भाग निकले, जबकि दो बदमाशों को लोगों ने पकड़ लिया। थोड़ी देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रात में ही सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। सिंगोली निवासी प्रदीप जैन ने बताया कि रविवार रात करीब 10:30 बजे मुनि महाराज कछाला गांव के हनुमान मंदिर में सोए हुए थे। यहां बदमाशों ने उनके साथ लाठी-डंडे से बुरी तरह से मारपीट की। उनके कपड़े फाड़ दिए। जानकारी मिलने पर संतों से निवेदन कर अपने साथ सिंगोली लेकर लाए। मुनिजनों ने अस्पताल जाने से भी मना कर दिया, जिसके बाद तीनों जैन संतों को जैन स्थानक भवन में रुकवाया। यहीं तीनों संतों का इलाज जारी है। घटना के विरोध में जैन समाज की ओर से सोमवार को नगर बंद का आह्वान किया गया है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे की तैयारी अब होगी आसान, मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी में 130 नई किताबें शामिल,14 दिनों के लिए घर ले जा सकेंगे

**भोपाल।** शासकीय मौलाना आजाद सेंट्रल लाइब्रेरी में मध्यप्रदेश सरकार ने उपलब्ध बजट के तहत 130 नई किताबों का कलेक्शन शामिल किया है। ये किताबें विशेष रूप से नीट, जेईई, एसएससी, रेलवे, व्यापम और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए तैयार की गई हैं। सरकार का उद्देश्य है कि संसाधनों की कमी के कारण कोई भी युवा शिक्षा से वंचित न रहे। इन नई किताबों की कीमत आमतौर पर अधिक होती है, जिससे कई छात्र इन्हें खरीद नहीं पाते, लेकिन अब यह किताबें लाइब्रेरी में मुफ्त उपलब्ध होंगी। इससे पहले, नीट की नई किताबें लाइब्रेरी में उपलब्ध कराई गई थीं, जिससे कई छात्रों ने प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों की प्रवेश परीक्षाओं में सफलता प्राप्त की थी। इस साल भी 20 से अधिक छात्र लाइब्रेरी में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। लाइब्रेरी में एसएससी, रेलवे, बैंक, मध्यप्रदेश पुलिस, पटवारी और अन्य परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र भी लगातार सफलता हासिल कर रहे हैं। लाइब्रेरी में सुबह 7:00 बजे से रात 9:30 बजे तक अध्ययन की सुविधा उपलब्ध है। छात्र 600 रुपए की वार्षिक सदस्यता में दो किताबें 14 दिनों के लिए घर ले जा सकते हैं।

### एमपी बोर्ड 10वीं-12वीं के नतीजों का इंतजार, 16.6 लाख विद्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं के रिजल्ट जारी होने में अभी थोड़ा समय लगेगा। जानकारी के अनुसार, फिलहाल प्रदेशभर में उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य चल रहा है, जो जल्द ही पूरा होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि इस प्रक्रिया में अभी एक सप्ताह से दस दिन तक का समय लग सकता है। मूल्यांकन पूरा होने के बाद रिजल्ट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू होगी, इसलिए उम्मीद की जा रही है कि नतीजे मई 2025 में घोषित किए जा सकते हैं। इस बार परीक्षाएं 25 मार्च 2025 को समाप्त हुई थीं, जिनमें करीब 16.6 लाख छात्रों ने भाग लिया था। कक्षा 10वीं की परीक्षा 27 फरवरी से 19 मार्च तक और 12वीं की परीक्षा 25 फरवरी से 25 मार्च 2025 तक आयोजित की गई थी। पिछले वर्ष एमपी बोर्ड की ओर से कक्षा 10वीं और 12वीं रिजल्ट को 24 अप्रैल 2024 को घोषित किया गया था। पिछले साल कक्षा दसवीं का पासिंग पर्सेंटेज 58.12 प्रतिशत था। वहीं 12वीं का ओवरऑल पासिंग पर्सेंटेज 64.48 प्रतिशत दर्ज किया गया था।

### ई-केवायसी कराने हेतु विशेष अभियान

**भोपाल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री अजीत कुजूर ने बताया कि जिले में 12 अप्रैल से 30 अप्रैल 2025 तक शेष रहे हितग्राहियों की ई-केवायसी कराने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ई-केवायसी से शेष रहे समस्त हितग्राहियों से अपील की जाती है कि प्रत्येक सोमवार को उचित मूल्य दुकान पर एंव प्रत्येक मंगलवार को वार्ड / ग्राम पंचायत कार्यालय पर आयोजित शिविर में जाकर अथवा अपनी निकटस्थ शासकीय उचित मूल्य दुकान पर जाकर अपनी ई-केवायसी कराकर असुविधा से बचें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 अंतर्गत सम्मिलित 543.31 लाख में से 435.04 लाख पात्र हितग्राहियों के ई-केवाईसी किए जा चुके है शेष 108.27 लाख हितग्राहियों के केवाईसी 30 अप्रैल 2025 तक करने के निर्देश भारत सरकार द्वारा दिए गए है। जिलेवार प्रगति एवं अभियान के लिए जिलेवार दैनिक ई-केवाईसी लक्ष्य परिशिष्ट-अ पर संलग्न है। समय- सीमा में समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवाईसी न होने पर ई-केवाईसी शेष रहने वाले हितग्राहियों को वितरित खाद्यान्न पर भारत सरकार द्वारा अनुदान भुगतान पर रोक लगाया जाना संभावित है।

### दुग्ध उत्पादन से किसानों की समृद्धि के खुलेंगे नये द्वार

## मध्यप्रदेश दुग्ध संघ और एनडीडीबी का कॉलैबोरेशन एग्रीमेन्ट प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि

**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एम.पी. स्टेट को-ओपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य हुए इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के बीच केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में रविवार को हुआ सहकार्यता अनुबंध (कोलैबोरेशन एग्रीमेंट) के निष्पादन से दुग्ध उत्पादन में क्रांति आएगी। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में यह एग्रीमेन्ट प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार के संकल्प पत्र-2023 में प्रदेश में दूध की खरीद सुनिश्चित करने एवं डेयरी किसानों को दूध की सही कीमत दिलाने में मदद करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में डेयरी सहकारी समिति एवं कलेक्शन सेंटर खोले जाने और श्वेत क्रांति मिशन के अंतर्गत 2500 करोड़ के निवेश से प्रत्येक जिले में सांची डेयरी के साथ मिल्क कूलर, मिनी डेयरी प्लांट एवं चिलिंग सेंटर की संख्या में वृद्धि करने का उल्लेख है।

### लोक निर्माण से लोक कल्याण प्रगति के पथ पर मध्यप्रदेश हर मार्ग अब लोक कल्याण की ओर

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास अब केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह समग्र सामाजिक, आर्थिक और तकनीकी परिवर्तन का माध्यम बन चुका है। राज्य के लोक निर्माण विभाग द्वारा लोक निर्माण से लोक कल्याण के मूल मंत्र के साथ बुनियादी ढांचे को सुदृढ़, पारदर्शी और जनहितकारी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास किए जा रहे हैं। वर्तमान में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग के अधीन 80,775 किलोमीटर लंबा सड़क नेटवर्क क्रियाशील है, जिसमें 9,315 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग, 11,389 किमी राज्य राजमार्ग, 25,639 किमी मुख्य जिला मार्ग तथा 34,432 किमी अन्य जिला मार्ग शामिल हैं।

## साढ़े 5 करोड़ किसान आईडी खोलेगा भाग्य का द्वार, शिवराज सिंह का ऐलान

**विजय मत, ब्यूरो, विदिशा**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को विदिशा जिले के बेस नगर स्थित अपने फार्म हाउस में जाकर अपनी किसान आईडी बनवाई। उन्होंने इसे किसानों की डिजिटल पहचान बताते हुए सभी किसानों से अपील की कि वे भी जल्द से जल्द अपनी किसान आईडी बनवाएं और डिजिटल कृषि मिशन का लाभ उठाएं। शिवराज सिंह चौहान ने कहा देश में किसानों की मेहनत को सम्मान देने और उन्हें समुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन की शुरुआत की है। इसके तहत एग्री स्टैक प्रोजेक्ट एक



महत्वपूर्ण भाग है, जिसके अंतर्गत किसानों की एक समेकित रजिस्ट्री बनाई जा रही है। किसान आईडी एक डिजिटल पहचान है, जिसमें किसान के व्यक्तिगत विवरण, ज़मीन से संबंधित जानकारी, बोई गई फसलें, मृदा स्वास्थ्य, पशुधन, मत्स्य पालन आदि की विस्तृत जानकारी शामिल होगी। देश भर में अब तक 5।5 करोड़ से अधिक किसानों की आईडी बन चुकी है। वहीं मध्य प्रदेश में अब तक 78 लाख किसानों की आईडी तैयार की जा चुकी है। राज्य सरकार इसे जल्द ही 100त्न तक पहुंचाने के प्रयास में जुटी है।

## न्याय, समानता और संविधान की रक्षा के संकल्प अब ज्यादा जरूरी और प्रासंगिक हैं: जीतू पटवारी

**विजय मत, भोपाल**

14 अप्रैल को जब देश बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाता है, तो यह केवल एक महापुरुष के जन्म की स्मृति नहीं होती, यह हमारे संविधान, हमारे लोकतंत्र और हमारे अधिकारों की रक्षा का संकल्प भी होता है। आज जब भारत एक संकट के दौर से गुजर रहा है, तो अंबेडकर की विचारधारा पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक हो गई है। उनका जीवन, उनका संघर्ष और उनके विचार आज के भारत के लिए एक मार्गदर्शक प्रकाश-स्तंभ हैं। बाबा साहब अंबेडकर ने भारत को एक ऐसा संविधान दिया जो समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व जैसे मूल्यों पर आधारित है। उन्होंने देश को एक ऐसा ढांचा प्रदान किया, जिसमें हर नागरिक को बराबरी का अधिकार मिले, चाहे उसका धर्म, जाति, लिंग या वर्ग कोई भी हो। परन्तु आज वही संविधान खतरे में है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह से संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर किया है, वह बेहद चिंताजनक है। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं, केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग विपक्ष को दबाने के लिए हो रहा है और न्यायपालिका पर भी राजनीतिक दबाव की आशंकाएं जताई जा रही हैं। यह उस लोकतंत्र की आत्मा को चोट पहुंचाता है, जिसे अंबेडकर ने अपने खून-पसीने से सींचा था। बाबा साहब अंबेडकर ने भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव प्रणाली की नींव रखी थी, ताकि सत्ता हमेशा जनता की इच्छाओं के अनुसार चले, लेकिन आज हम देख रहे हैं कि किस तरह सरकारी एजेंसियां चुनावों में हस्तक्षेप कर रही हैं।



### पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए बताए विभिन्न उपाय

## मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय में हुआ तीन दिवसीय ध्यान सत्र संपन्न

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश पुलिस एवं हार्टफुलनेस संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मंत्रालय (वल्लभ भवन) में तीन दिवसीय (12 से 14 अप्रैल) ध्यान सत्र का प्रशिक्षण कार्यक्रम का सोमवार को समापन हुआ। हार्टफुलनेस टीम ने पुलिसकर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य, एकाग्रता एवं मानसिक लाभ के लिए विभिन्न उपायों से अवगत कराया। यह भी बताया कि ध्यान को अपने जीवन का अमूल्य हिस्सा बनाएं, जिससे खुद भी स्वस्थ रहे एवं अपने परिवार को भी निरोगी रख सकें। इस दौरान हार्टफुलनेस टीम द्वारा विभिन्न ऑडियो-वीडियो विजुअल एवं प्रैक्टिकल सेशंस लिए



गए। ध्यान सत्र का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को दैनिक जीवनचर्या में मानसिक शांति, एकाग्रता तथा आंतरिक संतुलन प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना था। इस अवसर पर मंत्रालय के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अविनाश शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (सुरक्षा) एवं संस्थान के मास्टर ट्रेनर प्रभाकर दास, संगीता दास, अरविन्द एवं डॉ. नील सहित वल्लभ भवन, सतपुड़ा एवं विंध्याचल के समस्त पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

**खास-खबर** 10 जिलों में छाए रहे बादल, कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी भी हुई

## मध्य प्रदेश में फिर बढ़ी गर्मी, रतलाम में पारा 42 डिग्री रहा

**विजय मत, भोपाल**

मध्यप्रदेश में सोमवार को भी मौसम के दो रंग देखने को मिले। पांढुर्णा, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिंगरौली, अनूपपुर, सीधी, सिवनी, रीवा आदि जिलों में बादल छाए रहे। कुछ जगहों पर बूंदाबांदी भी हुई है। दूसरी ओर, प्रदेश के बाकी के हिस्से में गर्मी का असर रहा। रतलाम में दिन का तापमान सबसे ज्यादा 42 डिग्री दर्ज किया गया।

शाजापुर-धार में पारा 41 डिग्री, खंडवा में 40.5 डिग्री और नर्मदापुरम में 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो उज्जैन सबसे गर्म रहा। यहां पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया। भोपाल में 39.5 डिग्री, इंदौर में 39.7 डिग्री, ग्वालियर में 37.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस रहा। 16-17 अप्रैल को कई जिलों में लू का अलर्ट है। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से रविवार को कई जिलों में बारिश का दौर चला। वहीं, ओले भी गिरे। अगले 24 घंटे में तापमान ज्यादा नहीं बढ़ेगा, लेकिन इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार, 16 अप्रैल से प्रदेश में लू का असर देखने को मिलेगा। खासकर ग्वालियर, चंबल और इंदौर संभाग के जिलों में लू चलेगी। 17 अप्रैल को भी लू का अलर्ट है। इससे पहले रविवार को प्रदेश के अधिकांश हिस्से में तेज आंधी, बादल, बारिश, आकाशीय बिजली और ओले गिरने वाला मौसम रहा। खरगोन के महेश्वर में तेज बारिश और ओले गिरे। सतना में दो घंटे तेज आंधी के साथ बारिश हुई। शिवपुरी में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला और 11 भैंसों की मौत हो गई। एक मकान पर पेड़ भी गिर गया। शिवपुरी जिले के ग्राम टोडा पिछोर में शनिवार देर रात खेत में सो रही 55 वर्षीय महिला की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक की पहचान कुसुमा लोधी के रूप में हुई है। मध्यप्रदेश में मार्च से गर्मी के सीजन की शुरुआत हो जाती है। इसी ट्रेंड के अनुसार अगले 3 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है। जिस तरह दिसंबर-जनवरी में सर्दी और जुलाई-अगस्त में सबसे ज्यादा बारिश होती है, उसी तरह गर्मी के दो प्रमुख महीने अप्रैल और मई हैं। इस बार मार्च के दूसरे पखवाड़े में पारा 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है।



## सत्यापन के दौरान आपराधिक प्रकरण छुपाना गंभीर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की टिप्पणी: हाईकोर्ट

**विजय मत, ब्यूरो, जबलपुर**

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने साफ किया है सत्यापन के दौरान आपराधिक प्रकरण की जानकारी छुपाना नैतिक अधमता है। हाई कोर्ट जस्टिस संजीव सक्सेना तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने आदेश में कहा सवाल यह नहीं है कि याचिकाकर्ता पद के लिए उपयुक्त है या नहीं। नियोक्ता ने आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी मांगी थी। इसकी जानकारी दबाना अपने आपमें नैतिक अधमता के बराबर है।

मामले के अनुसार यूपी के अलीगढ निवासी राम भुवन यादव की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी द्वारा टर्नर (अर्ध कुशल) के पद पर नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। याचिकाकर्ता ने इस पद के लिए आवेदन किया था। इसके अलावा 7 और 8 मई 2016 को आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल हुआ था। इसके बाद 31 जुलाई 2016 से 7 अगस्त 2016 तथा भोपाल में आयोजित ट्रेड परीक्षा (कौशल परीक्षण) में उपस्थित हुआ। याचिकाकर्ता लिखित तथा ट्रेड परीक्षा में उत्तीर्ण



हुआ था। उसका नाम मेरिट सूची में था। परिणाम घोषित होने के बाद याचिकाकर्ता द्वारा 25 अक्टूबर 2016 को दस्तावेज तथा सत्यापन प्रपत्र प्रस्तुत किया गया।

याचिका में कहा गया सत्यापन प्रपत्र की जांच पर कलेक्टर आजमगढ़ कार्यालय से रिपोर्ट प्राप्त हुई कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध धारा 354, 323 एवं 325 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण पंजीकृत था। इसमें याचिकाकर्ता को 23 सितम्बर 2016 को दोषमुक्त कर दिया गया। आपराधिक प्रकरण दर्ज होने का खुलासा याचिकाकर्ता ने अपने सत्यापन पत्र में नहीं किया था। आपराधिक प्रकरण चलने के संबंध में पूछे गये प्रश्न का नकारात्मक उत्तर दिया था। इस संबंध में याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

# जगह-जगह मनाई गई डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती

**संविधान निर्माता बाबा साहेब के जन्म दिवस पर शहर में निकली रैली, भाजपा, कांग्रेस ने भी किए जन्मोत्सव पर आयोजन, विवि एवं मेडिक कालेज में भी हुए कार्यक्रम**



**विजय मत, शहडोल।**

संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर की जंयती पर संभागीय मुख्यालय शहडोल में जगह-जगह आयोजन करके उन्हेंश्रद्धा पूर्वक नमन किया गया। भीम आर्मी पार्टी द्वारा जहां नगर में रैली निकाली गई और राजेन्द्र टाकीज के सामने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया वहीं भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस द्वारा अपने अपने कार्यालयों में बाबा के जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इसी प्रकार पंडित शंभूनाथ विवि एवं बिरसामुंडा शासकीय मेडिकल काले में अम्बेडकर जी की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए गए।



## 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर भाजपा ने मनाई गई बाबा साहेब की जन्म जयंती

भारतीय जनता पार्टी द्वारा सबका साथ सबका विकास और विकसित भारत के संकल्प के साथ भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जन्म जयंती के अवसर पर शहडोल नगर के राजेंद्र टॉकीज स्थित अंबेडकर चौक पहुंचकर भाजपा जिलाअध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के नेतृत्व में जयसिंहनगर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया। सोमवार को भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा के मार्गदर्शन में शहडोल जिले के 19 मंडलों के प्रत्येक बूथ पर भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जन्म जयंती धूमधाम हर्ष उल्लास के साथ के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा, विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता महेश भागदेव, संतोष लोहानी, मनोज गुप्ता, सुशील शर्मा ,योगेंद्र चतुर्वेदी, भूपेंद्र मिश्रा, शोभित वर्मा, प्रवीण नामदेव, प्रियम त्रिपाठी, आशीष तिवारी,नागेंद्र गोले, सौरभ गोले,निभा गुप्ता, नीलम चतुर्वेदी, रेखा त्रिपाठी, रचना श्रीवास्तव, मधु मिश्रा, रवींद्र वर्मा,सुनील मिश्रा, राकेश कनौजिया, अरुण पटेल, राज तिवारी,पिंकू शुक्ला,आशीष तिवारी, मनीष गुप्ता त्रिभुवन गोस्वामी संतोष रावत,अशोक चौधरी सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## विश्वविद्यालय में व्याख्यान माला

पण्डित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल परिसर में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर ÷हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान÷ विषयक व्याख्यान माला का आयोजन भव्य रूप से किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के सभागार में सम्पन्न हुआ।
इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक आर. एन. सिंह ने कहा कि ÷डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान को सामाजिक न्याय की भावना से ओतप्रोत किया है, और यह हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम संविधान के मूल्यों का सम्मान करें और उन्हें जीवन में आत्मसात करें।÷
कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा, ÷संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है। डॉ. अंबेडकर ने जिस समावेशी समाज की कल्पना की थी, उसे साकार करने की जिम्मेदारी आज हमारे कंधों पर है।÷बाबा साहेब का दर्शन समाज के लिए आज भी दर्पण है समाज के लिए सदैव समरसता के समर्थक कभी भी हिंसक विरोध के समर्थक नहीं थे।उनका मूल उद्देश्य भारत की आत्मा को जगाना और शिक्षित समाज के द्वारा देश को आगे ले जाना था।
विशिष्ट अतिथि एवं मुख्यवक्ता डॉ. प्रियंका मार्को ने डॉ. अंबेडकर के शैक्षिक योगदानों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷वे ज्ञान और विचारों के महासागर थे, और आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए।÷उनका मानवतावादी दृष्टि कोण उन्हें पूजनीय बनाता है।शिक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य देश के विकास में आज भी प्रासंगिक है। संविधान के निर्माण में अधिकारों की व्यापक व्यवस्था उनके दृष्टि का व्यवहारिक प्रतीक प्रतीत होता है।



## विधायक कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित

क्षेत्रीय विधायक श्रीमती मनीषा सिंह के कार्यालय में भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती के अवसर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि कर विधायक ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया।

इस अवसर पर जिले के महामंत्री संतोष कुमार लोहानी, भैय्यन चतुर्वेदी, भूपेंद्र मिश्रा सुशील शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, रवींद्र वर्मा , निभा गप्ता,नीलिमा चतुर्वेदी, पार्षद सिल्लू रजक , आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## कांग्रेस भवन में अंबेडकर की जयंती मनाई गई

जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता के नेतृत्व मे जिला काँग्रेस द्वारा संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती काँग्रेस भवन शहडोल मे हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम डॉक्टर अंबेडकर जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर धूप- दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात काँग्रेसजनों ने डॉक्टर साहब के देश व समाज कल्याण हितार्थ किए गए कार्यों पर अपने अपने विचार रखे। जिलाध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा गया कि,यह दिन केवल एक जयंती नहीं बल्कि सामाजिक न्याय, समानता और संविधान की भावना का उत्सव है। संविधान की रचना में अंबेडकर जी के योगदान के साथ-साथ आजाद भारत की संस्थाओं के निर्माण में भी अंबेडकर जी की शानदार सक्रिय भूमिका रही। प्रदेश सचिव अजय अवस्थी ने कहा कि, डॉ. भीमराव अंबेडकर वो शख्स हैं जिन्होंने भारत को उसका संविधान दिया और कोई भी देश बिना संविधान नहीं चल सकता। बाबा साहेब के नाम से मशहूर डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता और संविधान का शिल्पकार कहा जाता है। नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जयसवाल ने कहा कि, बाबासाहेब ने अपना सारा जीवन भारतीय समाज में व्याप्त जाति व्यवस्था



के खिलाफ संघर्ष में बिता दिया। उक्त जानकारी जिला काँग्रेस कमेटी शहडोल के मुख्य प्रवक्ता पीयूष शुक्ला ने प्रदान की।

## ब्योहारी एवं बाणसागर में भी हुए कार्यक्रम

संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती विकासखंड ब्यौहारी के नगर विकास प्रस्फुटन समिति खाड बाणसागर में डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर मनाई गई। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पांडे ने संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में अवगत कराते हुए कहा कि कि डॉ.भीमराव रामजी अंबेडकर का 14 अप्रैल 1891, महू, मध्य प्रदेश में हुआ था। डॉ. भीमराव अंबेडकर भारत के एक महान समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार थे। डॉ. अंबेडकर का जीवन प्रेरणादायक है, उन्होंने सामाजिक अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाई और समानता आधारित समाज की नींव रखी और वे अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे और भारतीय समाज में समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व की स्थापना का सपना देखा।

## बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में मनाई जयंती

बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में अधिष्ठाता डॉ. जीबी रामटेके के मार्गदर्शन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई शहडोल जिले के बिरसा मुंडा मेडिकल कॉलेज में अधिष्ठाता डॉ. जीबी रामटेके के मार्गदर्शन और अस्पताल अधीक्षक डॉ. नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों और स्टॉफ ने शामिल होकर बाबा साहब के आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## यूज इन शॉर्ट



### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्य

शहडोल। बूंद-बूंद में छिपा है जीवन का सार卐 शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल के ग्राम कुमारी में बरसात के जल का संचयन करने हेतु सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार ग्राम खाम्हीडोल में तालाब के जीर्णोद्धार के कार्य किए गए।

### रंगोली बनाकर दिया गया जल संरक्षण का संदेश

शहडोल । जल ही जीवन है卐कलेक्टर डॉ.केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले मे प्रत्यके नगरीय निकाय एवं ग्राम पंचायतों में आम जन के सहयोग से जल को सहेजन एवं संरक्षण हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत शहडोल जिले के जयसिंहनगर में जल का संरक्षण करनें एवं जल का महत्व बताने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी बीएसडब्ल्यू छात्राओ द्वारा रंगोली बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

### सरईकापा में हनुमान जन्मोत्सव की धूम

शहडोल । ग्राम पंचायत सरईकापा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शनिवार को भव्य भण्डारा व रविवार को रात्रि जागरण का आयोजन किया गया। जागरण से पूर्व भण्डारे सुंदर कांड पाठ, हनुमान चालीसा व हवन-पूजन किया गया। पंचायत में शनिवार व रविवार रात दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर गायक संदीप शिवहरे व हिना सिंह के म्यूजिशियन ग्रुप द्वारा रात्रि जागरण के दौरान भजन,कीर्तन के साथ पंजाब की तर्ज पर श्री हनुमान जी,देवी देवताओं की झांकियां प्रस्तुत की गयी। आकर्षक तरीके से सजाया गया श्री हनुमानजी महाराज का मंदिर व पण्डाल लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर अपर कलेक्टर - सरोधन सिंह, जनपद सीईओ सोहागपुर मुद्रिका सिंह, सहायक आयुक्त आनंन्द राय सिन्हा, योजना अधिकारी डीजे अहिरवार , जिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष बलमीत सिंह खनूजा, भाजपा जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ शर्मा, भजापा खैरहा मण्डल अध्यक्ष विपुल सिंह, अजीत शुम्ला सहित गाँव के ही गणमान्य नागरिक उपस्थित उपस्थित थे।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली का रजिस्ट्रेशन कृषि कार्य का, ढो रहे खनिज सामग्री

### कृषि कार्य के नाम पर हो रहा व्यावसायिक उपयोग, कार्रवाई नहीं



**विजय मत, शहडोल।**

जिले में कृषि कार्य के नाम पर पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का जिले में व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिससे शासन को लाखों रुपए के टैक्स की हानि तो हो ही रही है, वहीं दुर्घटना होने पर लोगों को क्लेम लेने में भी परेशानी आती है। लेकिन परिवहन विभाग द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिले में में सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर धड़ल्ले से सड़कों पर दौड़ रहे हैं जिनका पंजीयन कृषि कार्य के नाम से लिया जाता है जिससे कृषकों को अनुदान भीं प्राप्त होता है। वहीं दूसरी तरफ ऐसे वाहनों से खनन से जुड़े माफियाओं द्वारा रेत, बोल्डर, गिट्टी एवं मुरुम सहित मालवाहक के रूप में अवैध रूप से उपयोग किया जाता है।

**परिवहन विभाग का नहीं है? कोई नियंत्रण** -खेती-किसानी कार्य के लिए पंजीकृत व उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से जिले में भवन निर्माण सामग्री ढोया जा रहा है। ये ट्रैक्टर और ट्रॉली कृषि कार्य के लिए पंजीकृत हैं, लेकिन इनका उपयोग वर्षों से भवन निर्माण सामग्री ढोने, बारात ले जाने, सवारियों को ले जाने और शासकीय कार्यों के लिए किया जा रहा है। शहर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों की सड़कों पर ट्रैक्टर-ट्रालियों में रेत, ईंट, गिट्टी, छड़ आदि का परिवहन करते देखा जा सकता है।

**बिना कागजात ढोया जाता है सामग्री** - आधुनिक युग में कृषि के क्षेत्र में विकास के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली को उपयोग में लाया गया है, लेकिन प्रतिस्पर्धा की होड़ में कृषि कार्यों के लिए उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली से व्यवसाय करने में लग गए हैं। ट्रैक्टर मालिकों के पास रेत व भवन निर्माण सामग्री ढोने के लिए कागजात नहीं है और न ही किसी भी प्रकार का फिटनेस चेकअप करवाते हैं।

## रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं उपार्जन का कार्य 05 मई तक

शहडोल -जिला आपूर्ति नियंत्रक ने जानकारी दी है कि शहडोल जिले में रबी विपणन वर्ष 2025-26 में गेहूं उपार्जन का कार्य 05 मई 2025 तक किया जाना है। गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रू. एवं म.प्र. सरकार का बोनस 175 रूपये कुल 2600 रूपये में प्रति क्विंटल पर गेहूं उपार्जन किया जायेगा। गेहूं उपार्जन केवल पंजीकृत किसानों से ही किया जावेगा। जिले में 9880 किसानों द्वारा गेहूं विक्रय के लिए पंजीयन कराया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने बताया कि गेहूं विक्रय के लिए अब तक कुल 190 किसानों द्वारा स्लॉट बुकिंग कराई जा चुकी है। जिन किसानों का गेहूं समर्थन मूल्य पर विक्रय हेतु तैयार हो गया है, वे किसान स्लॉट बुक कराकर निर्धारित तिथि में ही अपने तहसील अन्तर्गत नजदीकी उपार्जन केन्द्र में जाकर गेहूं विक्रय कर सकते है। किसान शनिवार एवं रविवार (सप्ताह में पूरे दिन) भी अपना स्लॉट बुक कराकर गेहूं विक्रय कर सकते है। किसानों से अनुरोध है कि गेहूं साफ-सुधरा, अच्छी गुणवत्ता एवं सुखाकर विक्रय हेतु केन्द्रों पर लावे, जिससे उनका गेहूं अमानक न हो और नियमानुसार गेहूं खरीदी हो सके तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नही हो। उन्होंने बताया कि अब तक समिति छतबई, सोहागपुर, सिंहपुर एवं दियापीपर (बोचकी) द्वारा 10 किसानों से 1280 किंटल गेहूं खरीदा जा चुका है।

## ग्राम पंचायतो में किया गया ग्राम सभाओं का आयोजन



**विजय मत, शहडोल।**

मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत प्रदेश में 14 अप्रैल 2025 से 18 अप्रैल 2025 तक ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जा रहा है। आज शहडोल जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर, जयसिंहनगर, ब्यौहारी, गोहपारू,बुढार के ग्राम पंचायतो में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

आयोजित ग्राम सभाओं में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 अंतर्गत बालिका की उम्र 18 वर्ष एवं बालक की उम्र 21 वर्ष से कम उम्र के विवाह नही किये जाने हेतु जागरूकता, बेटी बचाओं, बेटी पढाओं योजना पर चर्चा, स्कूलों और ऑगनवाडी केन्द्रों में स्वच्छ जल की उपलब्धता पर चर्चा, कुपोषण मुक्त ग्राम पर चर्चा, विभिन्न प्रकार की पेंशन योजनाओं में लाभ वाले हितग्राहियों की सूचियों का वाचन, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में प्रदाय की जाने वाली एवं स्वास्थ्य विभाग संबंधी योजनाओं पर चर्चा, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सभा के समक्ष रखना, ग्राम के स्वीकृत व प्रगतिरत निर्माण कार्यों संबंधी जानकारी का प्रस्तुतिकरण व चर्चा, ग्राम में छूटे हुए लक्षित/पात्र परिवारों का स्व-सहायता समूहों में शीघ्र समावेश कर ग्राम को परिपूर्ण करना एवं ग्राम के लक्षित परिवारों का समूहों में समावेश का वाचन तथा सत्यापन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत महिला सदस्यों के नाम से स्वीकृति पर चर्चा सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गई।

**क्रिकेट सट्टा** | **भोपाल, इंदौर से लेकर मुंबई, दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों में बैठे सटोरियों से मिल रही लिंक**

## शहर एवं ग्रामीण कस्बों में फैला आइपीएल सट्टे का अवैध कारोबार

**विजय मत, शहडोल।**

जिले में आइपीएल क्रिकेट का सट्टा चरम पर चल रहा है, यह अवैध कारोबार शहर से गांव तक पहुंच गया है। इस बार पुलिस के डर से शहर से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र और कस्बों में बैठकर सट्टा संचालित किया जा रहा है। इनके तार भोपाल, इंदौर से लेकर दिल्ली-मुंबई के साथ देश के महानगरों में बैठे आकाओं से है। सट्टा खिलाने के लिए ऑनलाइन एप मिल रहे है, इसमें 5 से लेकर 80 रुपए तक में आइटी और से लेकर चालान की कमांड मिल रही है। सट्टा खिलाने वाले 25 ज्यादा एप तो हर किसी को ऑनलाइन सर्च करने पर नजर आ रहे है, जबकि कुछ एप व लिंक ऐसे हैं, जो बुकी के माध्यम से मिल रही हैं।



### डिपॉजिट पर दे रहे ऑफर

ऑनलाइन आइपीएल सट्टा खिलाने को लेकर एप संचालित करने वाले पहली बार रुपए डिपॉजिट करने वालो का आफरमा रहे है की 50 प्रतिशत तो कहीं 300 प्रतिशत तक का ऑफर है। इसके अलावा कई एप संचालक राशि जमा करने पर बोनस भी दे रहे हैं। यानी यदि कोई 10 हजार रुपए की बेटिंग करता है, तो एप संचालक उसे 1200 रुपए का बोनस देकर फ्री बेटिंग कराएगा।

### यह एप सामने आए

नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जो सट्टा लगा रहे हैं वह मुख्य रूप से अन्ना रेड्डीबुक डॉट कॉम, महादेव एप, बेट बुक 250 डॉट कॉम व श्रीजी 99 डॉट कॉम शामिल है। जिसमें युवा एवं बेरोजगार अपना किस्मत आजमा रहे है तथा धड़ल्ले के साथ सट्टा खेल रहे हैं तथा पुलिस हाथ पैर हाथ धरी बैठी है अभी तक कोई विशेष कार्यवाही नहीं की गई है।

### एक्टिविटी न होने पर आइडी ब्लॉक

आइपीएल सट्टा खिलाने वाले आरोपी हर एक छोटी-बड़ी एक्टिविटी पर ध्यान रखते हैं। जो लिंक वह उपलब्ध कराते हैं, उसके ओपन होने के बाद यदि कुछ समय तक उस पर एक्टिविटी न हो, तो वे उसे बंद करके पुराना सारा डाटा डिलीट कर देते हैं। इतना ही नहीं उस लिंक के माध्यम से मिले रुपयों को भी तत्काल बैंक खातों से निकाल लिया जाता है, जिससे यदि पुलिस उन्हें ट्रेस कर रही हो, तो रुपए न पकड़े जाएं।

## तालाबों और कुओं को साफ रखे, वर्षा जल संचयन करें'




शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान प्रगति पर है।जल गंगा संवर्धन अभियान अब जन अभियान बनता जा रहा है । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनप्रतिनिधि,व्यापारी, गणमान्य नागरिक, जन अभियान परिषद, स्वयं सेवी , समाजसेवी जल का संरक्षण करने का संदेश दे रहे है ।

इसी कड़ी में शहडोल जिले के ब्यौहारी की महिलाओं ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल का महत्व बताने के लिए दीवार पर नारे लिखे गए हैं तथा जल के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक करने में अपनी माहिती भूमिका निभा रही हैं। दीवार लेखन में ÷तालाबों और कुओं को साफ रखे वर्षा जल संचयन करें ÷खेतों में तालाब बनाना है वर्षा जल को बचाना है÷ खेत का पानी खेत में गाँव का पानी गाँव में÷ जैसे अन्य स्लोगन प्रदर्शित किए गए।

# धोनी अब संन्यास लेकर कमेंट्री करें: मैथ्यू हेडन

**सिडनी, एजेंसी**



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) में रहे मैथ्यू हेडन ने कहा है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज महेन्द्र सिंह धोनी को अब संन्यास लेकर कमेंट्री करनी चाहिये। हेडन ने कहा कि धोनी अब अपने करियर के अंतिम चरण में हैं। इसलिए उन्हें वास्तविकता को स्वीकार करना चाहिये। आईपीएल के इस सत्र में धोनी का प्रदर्शन अब तक उम्मीद के अनुसार नहीं रहा है और वह एक भी मैच में बड़ी पारी नहीं खेल पाये हैं। धोनी बल्लेबाज के लिए निचले क्रम पर भी उतरते हैं। इसके पीछे का कारण कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने ये बताया है कि धोनी का शरीर अब पहले जैसा नहीं है , वहीं हेडन का माना है कि धोनी को संन्यास के बाद कमेंट्री करनी चाहिये। इस पूर्व क्रिकेटर का माना है कि धोनी ने अब लय खो दी है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मैच के दौरान धोनी के माता-पिता की मौजूदगी ने उनके संन्यास की अटकलें ते हुई थी पर ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। इसका कारण है कि धोनी को टीम ही नहीं छोड़ रही है। रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने से उन्हें उन्हें एक बार फिर कप्तानी संभालनी पड़ रही है।

# नई गेंद बनी दिल्ली की हार का कारण: सिद्धू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



आईपीएल में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले में दिल्ली जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी। इस मैच में मुम्बई ने नई गेंद मंगवाई जिससे मुकाबला पलट गया। पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने नवजोत सिंह सिद्धू ने कहा कि मैच में मुम्बई के नई गेंद लेने से करुण आउट हुए जिससे मुम्बई की टीम मैच में वापसी में सफल रही। मैच के 14वें ओवर में गेंद बदली गयी। जिसके बाद करुण नायर 89 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये। दिल्ली को जीत के लिए 56 गेंदों में 70 रन चाहिए थे पर करुण के बाद केएल राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स और कप्तान अक्षर पटेल रन नहीं बना पाये।

सिद्धू के अलावा वीरेंद्र सहवाग ने कहा कि गेंद का बदलना दिल्ली के लिए नुकसानदेह रहा। सहवाग वे कहा,÷ गेंद का बदलना दिल्ली पर भारी पड़ गया। हर बार आपको आशुतोष शर्मा मैच नहीं जिता सकते। आज किसी और का दिन था। गेंद बदलने के बाद ही राहुल, स्टब्स ने अपने विकेट गंवा दिये। इस मैच में मुंबई इंडियंस के इंपैक्ट खिलाड़ी कर्ण शर्मा ने चार ओवर में 36 रन देकर तीन विकेट लिये। उन्होंने अभिषेक पोरेल 33 , ट्रिस्टन स्टब्स 01 और केएल राहुल को 15 रनों पर ही आउट कर दिया।

# पंजाब किंग्स का मुकाबला आज केकेआर से होगा

■ शाम 7:30 बजे से शुरु होगा मैच

**मुल्लांपुर, एजेंसी**




पंजाब किंग्स की टीम मंगलवार को आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच में जीत के इरादे से उतरेगी। पंजाब किंग्स का प्रदर्शन अब तक अच्छा रहा है और वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। उसे इस मैच में अपने घरेलू मैदान का भी लाभ मिलेगा। पिछले मैच में टीम ने कप्तान श्रेयस अय्यर के 82 रनों की सहायता से 245 रन बनाये थे। इसके बाद भी टीम अपने इस स्कोर का बचाव नहीं कर पायी थी। ऐसे में साफ है कि उसके गेंदबाजों को अब बेहतर प्रदर्शन करना होगा। मोहली के इस मैदान को बल्लेबाजी विकेट माना जाता है। यहां अधिकतर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम 200 से अधिक रन बनाने में सफल रही है। ऐसे में पंजाब के टीम को यहां बेहतर रणनीति से उतरना होगा। पंजाब किंग्स के गेंदबाजों का मनोबल भी पिछले मैच के बाद कमजोर हुआ है। उसके दो स्पिनरों युजवेंद्र चहल और ग्लेन मैक्सवेल की गेंदों पर पिछले मैच में जमकर रन बने थे। ऐसे में इन्हें बेहतर गेंदबाजी करनी होगी। इन दोनों ने पिछले मैच में सात ओवर में ही 96 रन दिये थे। इसे देखते हुए पंजाब की टीम पिच को लेकर संशय में होगी। पंजाब अगर इस मैच के लिए सपाट विकेट तैयार कराती है तो भी पक्का नहीं है कि उसके गेंदबाज 220 रन तक के स्कोर का बचाव कर लेंगे क्योंकि कोलकाता की टीम में सुनील नरेन, रिंकू सिंह और वेंकटेश अय्यर जैसे आक्रामक बल्लेबाज हैं। पंजाब की गेंदबाजी इकाई का इकॉनमी रेट भी अब तक अच्छा नहीं रहा है।

**दोनों ही टीमें इस प्रकार हैं**

**पंजाब किंग्स**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

**कोलकाता नाइट राइडर्स**-अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, क्विंटन डी कॉक (विकेटकीपर), रहमानुल्लाह गुरबाज़ (विकेटकीपर), अंगकृष रघुवंशी, रोवमैन पॉवेल, मनीष पांडे, लवनिथ सिसौदिया, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, मोइन अली, रमनदीप सिंह, आंद्रे रसेल, एनरिक नॉकिया, वैभव अरोड़ा, मयंक मारकंडे, स्पेंसर जॉनसन, हर्षित राणा, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और चेतन सकारिया।

# अफगान महिला क्रिकेटरों की सहायता के लिए विशेष टास्क फोर्स बनाएगी आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी**




अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अब अफ़ग़ानिस्तान की विस्थापित महिला क्रिकेट क्रिकेटरों की सहायता के लिए आगे आई है। आईसीसी ने इन महिला क्रिकेटरों की सहायता और उनके विकास के लिए एक विशेष टास्क फोर्स बनाने की बात कही है। आईसीसी की इस पहल से इन महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इससे उनके खेल और व्यक्तिगत विकास में सहायता मिलेगी। आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने सोशल मीडिया ये ये जानकारी दी है। शा ने कहा, ÷मुझे आईसीसी की ओर से यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने बीसीसीआई, इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के साथ मिलकर एक अहम फैसला लिया है। इसके तहत ही हम अफ़ग़ान महिला क्रिकेटरों को उनके क्रिकेट और विकास की यात्रा में सहायता देंगे।

आईसीसी के अनुसार यह टास्क फोर्स इस महिला क्रिकेटरों को न केवल आर्थिक सहायता देगी, बल्कि खिलाड़ियों को कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाओं के साथ ही मार्गदर्शन भी उपलब्ध करायेगी। इसके लिए आईसीसी एक विशेष कोष बनाएगा। ये सीधे तौर पर इन खिलाड़ियों को आर्थिक सहयोग प्रदान करेगा, जिससे ये विस्थापित महिला क्रिकेट अपना खेल जारी रख सकें। आईसीसी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस टास्क फोर्स के ज़रिए इन खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं, कोचिंग प्रोग्राम और मानसिक रूप से मज़बूत बनने के लिए जरुरी सलाह भी दी जाएगी।

# नाइटहुड से सम्मानित होने वाले 13 वें क्रिकेटर हैं जेम्स एंडरसन

**लंदन, एजेंसी**



इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जेम्स एंडरसन को खेल के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान के लिए देश के सबसे बड़े सम्मान नाइटहुड से सम्मानित किया गया है। एंडरसन इंग्लैंड की ओर से टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। एंडरसन ने अपने करियर में कुल 188 टेस्ट मैच खेले हैं। ये किसी तेज गेंदबाज द्वारा खेले गए टेस्ट मैचों की सबसे ज्यादा संख्या है। एंडरसन 13वें क्रिकेटर हैं जो खेल में योगदान देने के लिए नाइटहुड उपाधि से सम्मानित हुए हैं। अब तक ये सम्मान सर विली हेमिंग्स (1954), सर डिक हार्टले- (1958), सर एडगर फ्राय (1959), सर वॉरेन बर्ड (1961), सर क्लाइव लॉयड (1983), सर इयान बॉथम (2007), सर ज्योफ बॉब- (1999),सर जॉन रिकेट्स (2007),सर ग्रांट लॉब (2012), सर जॉन टॉर्रे (2015), सर ब्रायन लारा (2019), सर माइकल क्लार्क (2020)। एंडरसन साल 2000 से यह सम्मान पाने वाले पांचवें खिलाड़ी हैं। उनसे पहले इयान बॉथम (2007), बॉयकाट (2019), कुक (2019) और स्ट्रॉस (2019) को यह सम्मान मिला था। जेम्स एंडरसन ने अपना अंतिम टेस्ट मैच जुलाई 2024 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ लॉर्ड्स में खेला था। मई 2003 में यहीं पर एंडरसन ने जिम्बॉब्वे के खिलाफ डेब्यू किया था। एंडरसन ने साल 2015 से ही सीमित ओवरों में नहीं खेला है। इसके बाद भी वह एकदिवसीय में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उन्होंने टी20 में भी 18 विकेट लिए हैं और उनके नाम कुल 991 विकेट हैं। एंडरसन के अलावा पांच अन्य लोगों के लिए भी नाइटहुड सम्मान मिला है।

**जीत का जश्न**




कतर में मोटो जीजी रेस में जीत के बाद डुकाटी लेनेवो के मार्क मार्कवीज ट्रॉफी के साथ पोंडियम में जश्न मनाते हुए।

## बिजनेस

# मार्च में रिटेल महंगाई बढ़कर 4 प्रतिशत पहुंच सकती है, फरवरी में घटकर 3.61 प्रतिशत पर आ गई थी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



मार्च में रिटेल महंगाई दर बढ़कर 3.8 प्रतिशत-4 प्रतिशत पर जा सकती है। इससे एक महीने पहले फरवरी में महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई थी। वहीं जनवरी 2025 में महंगाई 4.31 प्रतिशत थी। सांख्यिकी मंत्रालय कल यानी, मंगलवार 15 अप्रैल को महंगाई के आंकड़े जारी करेगा।

सब्जियों की कीमतों में मिलाजुला रुख है, जबकि सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। यानी, खाने-पीने की महंगाई स्थिर रहने की उम्मीद है, लेकिन अन्य चीजों की महंगाई थोड़ी बढ़ सकती है। महंगाई के बास्केट में लगभग 50 प्रतिशत योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है।

### देश में नेचुरल गैस की खपत 2030 तक 60 फीसदी तक बढ़ने की संभावना

# भारत में ऊर्जा की खपत तेजी से बढ़ रही, देश की ऊर्जा सुरक्षा पर बढ़ रहा दबाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय अर्थव्यवस्था जितनी तेजी से विकास कर रही है, उतनी ही तेजी से ऊर्जा की खपत भी बढ़ती जा रही है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की खपत में वृद्धि के संकेत देती रिपोर्ट के अनुसार, देश की ऊर्जा आधारित इकनॉमी का विकास तो अच्छा है, लेकिन आयात पर निर्भरता बढ़ने से दरारें नजर आ रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, देश में नेचुरल गैस की खपत के बढ़ने के संकेत हैं, जिसे 2030 तक 60 फीसदी तक बढ़ने की संभावना है। वाहनों में सीएनजी और उद्योगों के लिए गैस का उपयोग वृद्धि के कारण प्राकृतिक गैस की खपत तेजी से बढ़ेगी। इसके साथ ही, सरकार ने गैस आधारित इकनॉमी के लक्ष्य का दिया था, जो पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इकनॉमी को बढ़ाने का मकसद रखता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि खपत और विकास दर ऐसे ही बढ़ती रही तो साल 2040 तक गैस की खपत 49.6 करोड़ यूनिट तक पहुंच सकती है। इसलिए, सरकार को अब इस संदेश पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि ऊर्जा की सुरक्षा बनाए रखने के लिए उचित कदम उठाए जा सकें। भारत अपनी गैस की आधी मांग आयात के जरिये पूरी करता है। मांग बढ़ने के साथ ही तरल प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात में वृद्धि होने का अनुमान है। अध्ययन में कहा गया है कि लंबी दूरी के परिवहन ईंधन के रूप में एलएनजी पासा पलटने वाला साबित हो सकता है, क्योंकि यह डीजल वाहन की जगह लेने की क्षमता रखता है। भारत का एलएनजी आयात 2030 तक दोगुना से अधिक होने वाला है। जाहिर है कि इससे कीमतों पर भी असर पड़ेगा और खुदरा बाजार में गैस की कीमतें महंगी हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम आदमी की जेब पर होगा, जबकि आयात बिल बढ़ने से इकनॉमी पर भी दबाव बढ़ेगा। एक तरफ तो गैस की खपत तेजी से बढ़ती जा रही है और कीमतों में भी उतनी ही तेजी से बढ़ोतरी हो रही। दूसरी ओर, देश में प्राकृतिक गैस का उत्पादन करीब 9 करोड़ मीट्रिक मानक क्यूबिक मीटर प्रतिदिन, जबकि खपत प्रतिदिन 19 करोड़ मीट्रिक मानक क्यूबिक मीटर प्रतिदिन पहुंच गई है।

# सिंगापुर ने जीडीपी वृद्धि का अनुमान घटाकर 0-2 प्रतिशत किया


■ फरवरी में सिंगापुर की जीडीपी वृद्धि का अनुमान एक से तीन प्रतिशत था

**सिंगापुर, एजेंसी**

सिंगापुर ने 2025 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 0-2 प्रतिशत कर दिया है। व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय (एमटीआई) ने सोमवार को इस घोषणा में वैश्विक व्यापार पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क के प्रभाव का हवाला दिया। सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस), वास्तविक केंद्रीय बैंक ने भी लगातार दूसरी बार मौद्रिक नीति में नरमी का रुख अपनाया क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध के कारण आर्थिक आशंकाएं बढ़ रही हैं। एमटीआई के अनुसार फरवरी में सिंगापुर की जीडीपी वृद्धि का अनुमान एक से तीन प्रतिशत था। इसमें अमेरिका और चीन सहित सिंगापुर के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों की समग्र वृद्धि में अपेक्षित कमी को ध्यान में रखा गया था। हालांकि अब 2025 के जीडीपी वृद्धि अनुमान को घटाकर 0-2 प्रतिशत कर दिया गया है। एमटीआई ने कहा कि तब से अमेरिका ने सभी देशों पर 10 प्रतिशत का आधारभूत शुल्क लगाया है तथा अमेरिका के साथ बड़े व्यापार अधिशेष वाले देशों पर उच्च जवाबी शुल्क लगाया है। मंत्रालय के अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2025 की पहली (जनवरी-मार्च) तिमाही में सिंगापुर की अर्थव्यवस्था 3.8 प्रतिशत बढ़ेगी, जो पिछली तिमाही की पांच प्रतिशत की वृद्धि से कम है। एमटीआई ने 90 दिन की अस्थायी रोक के साथ ही अमेरिका और चीन के बीच शुल्क युद्ध का उल्लेख किया। चीन ने अमेरिकी वस्तुओं पर शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका का वृद्धि परिदृश्य खराब है, क्योंकि आयात लागत बढ़ने से खपत कमजोर होने की आशंका है। चीन का वृद्धि परिदृश्य भी नरम पड़ गया है, क्योंकि अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध के बीच उसके निर्यात में वृद्धि रुकने के आसार हैं।

### गोल्डमैन सैक्स ने जारी किया नया अनुमान

# सोने का भाव पहुंच सकता है 1.30 लाख प्रति 10 ग्राम, अभी रिकॉर्ड हाई पर चल रहा



**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी-चीन के बीच बढ़ते ट्रेड वॉर और मंदी की आशंकाओं के कारण इस साल सोना इंटरनेशनल मार्केट में 4,500 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है। इंटरनेशनल रेट के हिसाब से कैलकुलेट करें तो भारत में 10 ग्राम सोने के दाम 1.30 लाख रुपए तक जा सकते हैं।

विदेशी इन्वेस्टमेंट बैंक गोल्डमैन सैक्स ने ये अनुमान जारी किया है। हालांकि ऐसा तभी होगा जब ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क बहुत ज्यादा बढ़ जाए। अगर ट्रेड वॉर और मंदी का रिस्क एक्स्ट्रीम लेवल पर नहीं पहुंचता है, तब भी सोना 3,700 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।

सोना अभी अपने रिकॉर्ड हाई पर है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार 10 ग्राम 24 कैरेट सोना ?93,353 पर पहुंच गया है। इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 17,191 रुपए यानी 22.57 प्रतिशत बढ़कर 93,353 रुपए प्रति 10 ग्राम बिक रहा है।

**सोने में तेजी की 3 वजह**

- अमेरिका की टैरिफ पॉलिसी के कारण ट्रेड वॉर का खतरा बढ़ गया है। इससे इकोनॉमी के बढ़ने की रफ्तार धीमी हो सकती है। ग्लोबल मंदी की आशंका भी बढ गई है। ऐसे में लोग सोने में अपना निवेश बढ़ा रहे हैं। मंदी के समय सोने को सुरक्षित निवेश माना जाता है।
- डॉलर के मुकाबले रुपए के कमजोर होने से सोने की कीमतों में तेजी आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि जब रुपया कमजोर होता है तो इसे इंपोर्ट करने में ज्यादा पैसे खर्च होते हैं। इस साल रुपए में लगभग 4% की गिरावट आई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव बढ़ गया है।
- शादियों का मौसम नजदीक आ रहा है, ऐसे में सोने के गहनों की मांग बढ़ रही है। मुंबई, दिल्ली और चेन्नई जैसे शहरों में ज्वेलर्स ने बताया कि ऊंची कीमतों के बावजूद बिक्री में तेजी है, क्योंकि लोग सोने को निवेश और समृद्धि के प्रतीक के रूप में देखते हैं।

# एचडीएफसी बैंक ने बचत खाते पर ब्याज दर 25 आधार अंक घटाई




■ 50 लाख से अधिक के बैलेंस 3.25 फीसदी ब्याज मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा रेपो रेट में कटौती करने के बाद अब एचडीएफसी बैंक ने बचत खाते पर ब्याज दर में 25 आधार अंकों की कटौती कर दी है। बैंक अब बचत खातों पर 2.75 फीसदी की दर से ब्याज देगा। 50 लाख से अधिक के बैलेंस 3.25 फीसदी ब्याज मिलेगा, जो पहले 3.5 फीसदी था। रेपो रेट में कटौती के बाद अपने फंड की लागत कम करने और मार्जिन बनाए रखने के लिए बैंक ने यह उठाया है। एचडीएफसी बैंक ने पिछले 14 वर्षों से बचत खाता ब्याज दर में कोई 9 वृद्धि नहीं की है. बैंक के पास 6 लाख करोड़ रुपए से अधिक का सेविंग बैलेंस है। ब्याज दर में कटौती से बैंक को हर साल 1,500 करोड़ रुपये की बचत होने की उम्मीद है। सेविंग अकाउंट पर एचडीएफसी बैंक द्वारा ब्याज दरें घटाना, बैंकिंग सेक्टर में हो रहे एक बड़े बदलाव का संकेत है। एचडीएफसी बैंक अपनी एफडी ब्याज दरों में भी कटौती कर चुका है। 1 अप्रैल से बैंक ने कुछ चुनिंदा अवधि की एफडी पर ब्याज दरों में 35 से 40 बेसिस प्वाइंट की कटौती की थी। यस बैंक ने भी एफडी पर दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की है। बंधन बैंक ने सेविंग अकाउंट पर ब्याज दर को 6 फीसदी से घटाकर 3-5 फीसदी के बीच कर दिया है। बजाज फाइनेंस ने भी लंबी अवधि की एफडी दरों में कटौती की है। बैंक ऑफ इंडिया ने तो अपनी 400 दिनों वाली विशेष एफडी योजना को बंद ही कर दिया है। इस एफडी पर बैंक 7.3 फीसदी ब्याज दे रहा था।

## न्यूज इन शॉर्ट



### गोदाम में विषाक्त अनाज खाने से 25 गायों की मौत

रायपुर। उरला के कन्हेरा गांव में रविवार को गांव के ही एक गोदाम में विषाक्त अनाज खाने से 25 गायों की मौत हो गई। इस पूरी घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया। बताया गया कि गोदाम फाफाडीह निवासी एक राईस मिलर का है और उसने गोदाम को एफसीआई को किराए पर दिया था। एग्रीमेंट खत्म होने के बाद एफसीआई ने गोदाम खाली कर दिया लेकिन अनाज रखने से पहले वहां भूसे का लेयर बिछाया जाता है। गोदाम खाली होने के बाद अनाज और भूसा सड़ गया था जिसे गायों ने चर लिया और देखते ही देखते 25 गायों की मौत हो गई।एक साथ इतनी बड़ी संख्या में गायों के मौत हो जाने के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया और वे मुआवाजे की मांग को लेकर नारेबाजी कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन की टीम वहां पहुंची और काफी समझाईश के बाद ग्रामीणजन माने।

### बृजमोहन ने राजधानी की सुरक्षा पर जताई चिंता, सीएम साय को लिखा पत्र

रायपुर। राजधानी में लगातार बढ़ते अपराध, यातायात की गंभीर समस्याओं और पुलिस बल की भारी कमी को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखकर राजधानी और जिले की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु तत्काल रिक्त पदों की भर्ती एवं अतिरिक्त पुलिस बल स्वीकृत करने की मांग की है।सांसद अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया है कि रायपुर की जनसंख्या आज 16 लाख से अधिक हो चुकी है, वहीं रायपुर, बिरगांव, माना, मंदिरहसौद जैसे नगरीय क्षेत्रों को जोड़ दें तो यह आंकड़ा 30 लाख से ऊपर पहुंचता है। साथ ही लगातार हो रहे वीवीआईपी मूवमेंट, साइबर अपराधों में वृद्धि और बढ़ते ट्रैफिक दबाव के कारण पुलिस बल पर अत्यधिक भार पड़ा है।वर्तमान में रायपुर जिले में 3805 पुलिस पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 796 पद रिक्त हैं। आरक्षकों के 2738 स्वीकृत पदों के विरुद्ध केवल 2007 पद ही भरे हुए हैं, जिससे आमजन को असुविधा और पुलिस बल को कार्य संचालन में कठिनाई हो रही है।यातायात व्यवस्था को लेकर अग्रवाल ने पत्र में उल्लेख किया कि रायपुर में पंजीकृत वाहनों की संख्या 17 लाख से अधिक हो चुकी है, जबकि बीपीआर एंड डी के मानकों के अनुसार 2388 बल की आवश्यकता है, लेकिन वर्तमान में मात्र 416 यातायात कर्मी उपलब्ध हैं।सांसद ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि रायपुर जिले में रिक्त पुलिस पदों की शीघ्र भर्ती कराई जाए तथा राजधानी के बढ़ते स्वरूप के अनुसार अतिरिक्त पुलिस बल की स्वीकृति दी जाए, ताकि अपराध नियंत्रण, ट्रैफिक प्रबंधन और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावी बनाया जा सके।

### ट्रक ने रौंदा, बाइक सवार की मौत

रायपुर। राजधानी रायपुर में सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। रविवार शाम विनोद सिंह (42) अपनी स्कूटी में गुढ़ियारी से हीरापुर चौक की तरफ जा रहा था तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने उसे कुचल दिया है। घटना कबीर नगर थाना क्षेत्र की है।बताया जा रहा है कि स्कूटी सवार ने हेलमेट नहीं पहना था, जिससे सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। इस एक्सीडेंट के बाद नाराज स्थानीय लोगों ने ट्रक में तोड़फोड़ भी की है। वहीं, ट्रक ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग गया। थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल के मुताबिक, युवक की स्कूटी ट्रक के साइड वाले हिस्से से टकराई थी, जिससे वह दूर फेंका गया।

**बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सीएम साय और राज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि, 25 अप्रैल तक विशेष अभियान चलाएगी भाजपा**

# संघर्ष की अनुपम मिसाल है बाबा साहेब का जीवन: साय

**विजय मत,रायपुर।**

संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रामेन डेका ने राजभवन में और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सीएम हाउस में अंबेडकर की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही, बीजेपी ने आज से ही अपने विशेष अभियान की भी शुरूआत की।

वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस ने भाजपा के अभियान को राजनैतिक पाखंड बताया है। बता दें कि, विशेष अभियान के तहत बीजेपी नेता दलित बस्तियों में जाकर बताएंगे कि, कांग्रेस ने अंबेडकर का अपमान ही किया है। डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि, बाबा साहेब का पूरा जीवन संघर्ष की अनुपम मिसाल है। डॉ. अम्बेडकर ने हमें एक ऐसा संविधान दिया जो भारत को लोकतंत्र, समानता और न्याय की मजबूत नींव प्रदान करता है।मुख्यमंत्री साय ने बाबा साहब के विचारों को युगप्रेरक बताते हुए कहा कि, आज का दिन हमें यह संकल्प लेने का



अवसर देता है कि हम उनके आदर्शों पर चलें और एक समावेशी, समतामूलक और न्यायप्रिय समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### कांग्रेस बोली- अंबेडकर जयंती अभियान को राजनीतिक नौटंकी

इससे पहले रविवार को रायपुर में जय भीम पदयात्रा भी निकाली थी। इस यात्रा और भाजपा के ₹अंबेडकर जयंती अभियान₹ को राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि, यह पूरा कार्यक्रम भाजपा का राजनैतिक पाखंड है। असलियत यह है कि संघी भाजपाइयों के मन में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, संविधान और दलितों के प्रति हिकारत है, नफरत है। इन्हीं के पूर्वज आरएसएस और महासभा ने बाबा साहब के पुतले जलाए। 12 दिसंबर 1949 को घटित संघीयों का कुकृत्य इतिहास के पन्नों में दर्ज है। विष्णुदेव साय सरकार जयंती अभियान और जय भीम पदयात्रा की आड़ में पाखंड करने के बजाय अनुसूचित जाति वर्ग को उनके हक का आरक्षण, उनके अधिकार और उचित सम्मान दे।

### नवा रायपुर में अंबेडकर की अष्टधातु वाली विशाल प्रतिमा का होगा अनावरण:

नवा रायपुर अटल नगर के इंद्रावती भवन के पास कैपिटल कॉम्प्लेक्स एरिया में अम्बेडकर जयंती समारोह के अवसर पर तय किया गया है कि, यहां बनकर तैयार हो रही छत्तीसगढ़ विधानसभा की बिल्डिंग के उद्घाटन पर इंद्रावती भवन के सामने स्थित अंबेडकर चौक में संविधान निमार्ता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की अष्टधातु वाली विशाल प्रतिमा का भी अनावरण किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि शासन से इस संबंध में तत्पर पहल करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

### डॉ. अंबेडकर के विचारों को व्यवहार में उतारें- राज्यपाल

राज्यपाल रामेन डेका ने कहा कि, बाबा साहेब का जीवन संघर्षों से भरा हुआ था। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, छूआछूत, असमानता के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम माना और खुद इसके उदाहरण बने। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अनेक उपाधियां प्राप्त की और देश के पहले विधि मंत्री के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन किया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर न्याय और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए सदैव प्रयत्नशील रहे। उन्होंने समाज के शोषित, पीड़ित और कमजोर तबके के लोगों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज जब हम बाबा साहेब को याद कर रहे हैं, तब यह आवश्यक है कि हम केवल औपचारिकताएं न करें, बल्कि उनके विचारों को व्यवहार में उतारें। समता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांत को हमें समाज के हर स्तर पर स्थापित करना होगा।

## मासूम की मौत के बाद मेयर मीनल का एक्शन, 24 घंटे में गड्ढे पाटने के निर्देश

**बच्चे की मौत के 12 घंटे बाद भी नहीं हुई थी कार्रवाई, कांग्रेस ने कसा तंज**

**विजय मत,रायपुर।**

शहर के गुलमोहर पार्क में सीवरेज टैंक में डूबने से एक बच्चे की मौत के मामले में महापौर मीनल चौबे ने घटना के करीब 24 घंटे बाद सख्ती दिखाई। घटना से आक्रोशित

लोगों के द्वारा धरना प्रदर्शन और चक्काजाम के बाद महापौर ने अफसरों को निर्देशित किया कि, जानलेवा गड्ढे 24 घंटे के भीतर पाटे जाएं।इससे पहले मासूम की मौत से आहत लोगों ने व्यवस्था के विरोध में खुलकर प्रदर्शन किया। रायपुर में निगम के खोदे गए गड्ढे में 7 साल के बच्चे की डूबने से मौत होने के बाद गुस्साए लोगों ने धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम किया। 12 घंटे बाद भी



कार्रवाई नहीं होने पर गुलमोहर पार्क के

बाहर प्रदर्शनकारियों ने निगम का पुतला दहन कर जिम्मेदार अफसरों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं 7 दिन के अंदर कॉलोनी की समस्याओं को सुलझाने लेने के निगम के आश्वासन के बाद लोगों ने चक्काजाम खत्म किया।इस मामले में कांग्रेस ने कहा कि रायपुर में मौतें हो रही हैं। लेकिन, मेयर गुलदस्ता लेने और माला पहने में ही व्यस्त है। बता दें कि रायपुर के गुलमोहर पार्क में रविवार को निगम के खोदे गए गड्ढे में 3 बच्चे डूब गए, जिनमें से एक 7 साल के दिव्यांश की मौत हो गई है। सोमवार को बच्चे के शव का अंतिम संस्कार किया गया।

अब सभी गड्ढे भरे जाएंगे...

इधर, बवाल बढ़ने के बाद मेयर मीनल चौबे ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सभी बीएसयूपी, पीएमवाय कॉलोनियों और निगम परिसर के सैप्टिक टैंक समेत कई गड्ढों को 24 घंटे में बंद करने की बात कही है।

## मालवीय रोड और हलवाई लाइन की 40 दुकानों पर वक्फ बोर्ड ने किया दावा, नोटिस जारी

**विजय मत,रायपुर।**

छत्तीसगढ़ वक्फ बोर्ड ने मालवीय रोड और हलवाई लाइन की 40 दुकानों पर अवैध कब्जा करार देते हुए सभी की रजिस्ट्री शून्य कर फिर से दुकानों को वक्फ बोर्ड के नाम चढ़ाने के लिए कलेक्टर और एसएसपी को पत्र भेजने के साथ ही दुकानदारों को भी नोटिस जारी किया है।

वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने पत्रकारों से संक्षप्ति चर्चा में बताया कि मालवीय रोड और हलवाई लाइन की 40 दूकानें वक्फ की संपत्ति है। दुकानदार जो किराएदार थे वो मालिक बन गए हैं और वक्फ बोर्ड के पास इसका किरायानामा भी है। उन्होंने कहा कि फर्जी रजिस्ट्री




हुई है और सरकारी रिकॉर्ड में अभी भी वक्फ के नाम है। उन्होंने कलेक्टर और एसपी को पत्र लिखकर सारे दस्तावेज उपलब्ध कराए तथा रजिस्ट्री शून्य कर दुकानों को फिर से वक्फ बोर्ड के नाम करने का आग्रह किया है।बताया जा रहा है कि मालवीय रोड और हलवाई लाइन की 40 दुकानें वक्फ की संपत्ति रही हैं इनमें मालवीय रोड स्थित एवन बेकरी, लक्ष्मी इलेक्ट्रानिक्स और इससे सटी कई दुकानें हैं। इसी तरह हलवाई लाइन की कई दुकानें भी वक्फ की संपत्ति रही हैं, बाद में ये सभी दुकानें बिक गई, लेकिन नोटिस मिलने के बाद हड़कंप मच गया।

## पेट्रोल पंप के लिए लाइसेंस की जरूरत खत्म

**विजय मत,रायपुर।**

छत्तीसगढ़ सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पेट्रोलियम रिटेल आउटलेट्स यानी पेट्रोल पंप के लिए राज्य स्तर पर लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। यह बदलाव 14 नवंबर 2024 को खाद्य नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की ओर से जारी एक अधिसूचना के जरिए लागू किया गया है। अब पेट्रोल पंप खोलने के लिए व्यवसायियों को सिर्फ केंद्रीय पेट्रोलियम अधिनियम के नियमों का पालन करना होगा। पहले की दोहरी अनुमति की प्रक्रिया को हटाकर इसे आसान बना दिया गया है।



### क्या बदला और क्यों है यह अहम

पहले पेट्रोल पंप शुरू करने के लिए व्यवसायियों को कलेक्टर के माध्यम से खाद्य विभाग से क्रय विक्रय का लाइसेंस प्राप्त करना होता था। प्रत्येक वर्ष अथवा तीन वर्ष में एक बार लाइसेंस का रिन्यूवल कराना होता था। राज्य शासन और केंद्र, दोनों जगह से अनुमति लेने की दोहरी प्रक्रिया से समय और पैसा दोनों खर्च होते थे, साथ ही कागजी कार्रवाई भी बढ़ जाती थी। अब केवल केंद्र के नियमों का पालन करना काफी होगा। इससे व्यवसायियों को राहत मिलेगी और पेट्रोल पंप खोलने की प्रक्रिया तेज और सस्ती हो जाएगी। यह कदम छत्तीसगढ़ में व्यवसाय को बढ़ावा देने और नियमों को सरल बनाने की दिशा में बड़ा बदलाव है।

### व्यवसायियों को कैसे होगा फायदा

अब कम कागजी कार्रवाई और एक ही स्तर की अनुमति से पेट्रोल पंप जल्दी शुरू हो सकेंगे। नए व्यवसायी, खासकर छोटे उद्यमी और तेल कंपनियां, बिना ज्यादा परेशानी के अपना काम शुरू कर सकेंगे।

## बीजेपी सांसद ने सीए साय से मांगा बंगला, नहीं मिला तो जड़ा ताला

**राज्य सभा सांसद ने रायपुर एसएसपी ऑफिस के लिए आवंटित बंगले पर किया कब्जा, नाम दिया- रायगढ़ बाड़ा**

**विजय मत,रायपुर।**

छत्तीसगढ़ के एक राज्य सभा सांसद के 'बंगला प्रेम' की वजह से बखेड़ा खड़ा हो गया है।

बंगले में ताला जड़कर सांसद ने 6 जगहों पर अपने नाम की नेमप्लेट भी लगा दी है।यह पूरा मामला राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह से जुड़ा हुआ है।

कब्जा से जुड़े इस मामले में बंगले का नाम भी बस्तर बाड़ा से बदलकर रायगढ़ बाड़ा कर दिया गया है।जानकारी के मुताबिक, सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने रायपुर सिविल लाइन के बंगला नंबर बी-5/12 (जिसे पहले बस्तर बाड़ा कहा जाता था) की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की थी। इसके लिए 24 अगस्त 2024 को बाकायदा सीएम हाउस से नोटशीट भी भेजी गई थी। लेकिन गृह विभाग ने बंगला देने की जगह उसे एसएसपी ऑफिस के लिए अलॉट कर दिया

#### पिछली सरकार में बस्तर बाड़ा था बंगले का नाम:

बताते चलें कि, यह बंगला पहले भूपेश सरकार में कांग्रेस अध्यक्ष रहे मोहन मरकाम को मिला था।तब इस बंगले का नाम बस्तर बाड़ा था, लेकिन उन्होंने 2024 में यह बंगला खाली कर दिया। फिर 30 जनवरी 2025 को गृह विभाग ने इसे एसएसपी ऑफिस के लिए अलॉट किया। पीडब्ल्यूडी ने मरम्मत करवाई।रंग-रोगन भी हो गया। लेकिन जैसे ही काम खत्म हुआ, सांसद ने बंगले पर कब्जा कर लिया।इस बारे में रायपुर एसएसपी लाल उम्मेद सिंह के मुताबिक, जब उन्होंने ने इस पर बात की, तो सांसद ने साफ कहा कि, सीएम हाउस से मेरे लिए अनुशंसा हुई है, मैं खाली नहीं करूंगा।

#### 6 बार चिट्ठी-पत्री के बाद भी नहीं बदला सांसद का मूड:

बताते चलें कि, पीडब्ल्यूडी और जिला प्रशासन इस बंगले को एसएसपी ऑफिस शिफ्ट करने के लिए पिछले दो साल से मशक्कत कर रहे हैं। इस दौरान 6 बार चिट्ठी-पत्री हो चुकी है, लेकिन सांसद न माने हैं, न बंगला छोड़ने के मूड में हैं।

#### ... इसलिए नाराज हुए संसद

सूत्रों के मुताबिक, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने इसी बी-5 बंगले के लिए मुख्यमंत्री से डिमांड की थी। जिसके बाद हाउस से उनके ओएसडी ने एक नोटशीट भी 27 अगस्त 2024 को चलाई थी। लेकिन गृह विभाग ने बंगले का आवंटन एसएसपी कार्यालय को कर दिया। यही सांसद की नाराजगी की वजह बना।

डिप्टी उट साव बोले- हाउस अलॉटमेंट का काम गृह विभाग का...इस मामले को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि, हाउस अलॉटमेंट का काम गृह विभाग का होता है। लेकिन इस मामले में क्या परिस्थिति है, जिसे संज्ञान में लेने के बाद ही कुछ कहना ठीक होगा।

## छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नए अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने संभाला पदभार



**विजय मत,रायपुर।**

छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के नए अध्यक्ष राकेश पाण्डेय ने पदभार संभाल लिया है।

इस समारोह में सीएम विष्णुदेव साय मौजूद रहे। सीएम विष्णुदेव साय के द्वारा रायपुर के गुलमोहर पार्क पीएमवाय कॉलोनी में विगत दिवस हुई आकस्मिक दुर्घटना में मृत बालक दिव्यांश के शोकसंतप्त परिवारजनों को तत्काल 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता देने के निर्देश पर परिवारजनों को तत्काल सहायता राशि दी गई। मुख्यमंत्री के आदेश पर रायपुर जिला प्रशासन और रायपुर नगर पालिक निगम के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के साथ सतत संपर्क बनाकर आकस्मिक घटना के तत्काल पश्चात अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे दो अन्य बालकों की स्थिति पर निगरानी रखे हुए हैं। दोनों बालकों का स्वास्थ्य निरंतर सुधर रहा है। चिकित्सक गण लगातार दोनों बालकों के स्वास्थ्य की सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

**खास-खबर** कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस हॉल में सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया

## ग्रामीण विकास और जल संरक्षण को बढ़ावा: बृजमोहन

**विजय मत,रायपुर।**

डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस हॉल में सामाजिक समरसता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रायपुर समेत अन्य जिलों से जुड़े और सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों को सामाजिक समरसता दिवस और अंबेडकर जयंती की बधाई देते हुए ग्राम पंचायत भवनों को सुसज्जित करने तथा ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं देने की घोषणा की । उन्होंने प्रदेशभर में वाटर हार्वेस्टिंग शुरू करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के दायरे को बढ़ाने के लिए शीघ्र सर्वेक्षण कराने की निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सामाजिक समरसता दिवस पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण अंतर्गत 'मोर दुआर, साय



सरकार महाअभियान' के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा, उन्होंने सभी पात्र परिवारों से सर्वे में शामिल होने की अपील की। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल स्तर बढ़ाने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया साझा की। रायपुर जिले के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की शुरूआत करते हुए बताया कि ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ और डीबीटी के माध्यम से नकद आहरण की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' की शुरूआत की जाएगी।

इसका औपचारिक शुभारंभ 24 अप्रैल को शुभारंभ पंचायत राज दिवस पर होगा। इस अवसर पर आज श्री अग्रवाल की उपस्थिति में प्रत्येक जनपद पंचायत के 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच और वीएलई के बीच टङ्मव पर हस्ताक्षर किए गए। श्री अग्रवाल ने कहा कि अगले वित्तीय वर्ष तक इसे सभी गांवों में पहुंचा दिया जाएगा। सांसद श्री अग्रवाल ने पेयजल की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जिले में तालाबों को भरने, एनीकट की स्थिति जांचने, और सूखे ट्यूबवेलों को दुरुस्त करने या पाइपलाइन बिछाने की योजना बनाई जानी चाहिए।

उन्होंने अवैध ट्यूबवेलों को बंद करने और तालाबों के गहरीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। अग्रवाल ने सुझाव दिया कि लाइमस्टोन खदानों में भरे पानी को शुद्ध कर पीने योग्य बनाने की योजना भी बनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत सम्मान कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997